**पाठक एवं एजैंट नोट करें**
पंजाब केसरी, जग बाणी एवं हिन्द समाचार में विज्ञापन एवं सर्कुलेशन संबंधी पूछताछ एवं किसी समस्या के बारे निम्नलिखित नम्बर पर सम्पर्क करें :
0181-2212121
ई-मेल : jagbani@pkesari.in

# चंडीगढ़ केसरी

एयर क्वालिटी इंडैक्स

| | | |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | 111 | ● खराब |
| पंचकूला | 109 | ● खराब |
| मोहाली | 116 | ● खराब |

तापमान
अधिकतम 36.0
न्यूनतम 22.8
आज का तापमान लगभग 37 डिग्री रह सकता है।

बुधवार WEDNESDAY, 3 जून 2026 सूर्योदय 5.22 | सूर्यास्त 7.20 बारिश होने की संभावना। CHANDIGARH KESARI

# जी.एम.सी.एच.-32 की एमरजैंसी में जूनियर डाक्टर ने की आत्महत्या !

## बाथरूम में संदिग्ध हालात में मिला शव, दरवाजा तोड़कर निकाला बाहर, बाजू पर इंजैक्शन के तीन निशान मिले

चंडीगढ़, 2 जून (सुशील राज): सैक्टर-32 जी.एम.सी.एच. के पी.जी. जूनियर रेजीडैंट ने मंगलवार दोपहर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह करीब नौ बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान जालंधर में कंगनीवाल गांव के रहने वाले 24 वर्षीय डॉ. योगेश बंगा के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है। फॉरैंसिक मोबाइल ने मौके से इंजैक्शन और खाली शीशी बरामद की।


डॉ. योगेश बंगा

डॉ. योगेश की पोस्टिंग एमरजैंसी में थी। काफी देर तक नजर नहीं आने पर सम्पर्क करने की कोशिश की, लेकिन नहीं हुआ। बाथरूम का दरवाजा न खोलने पर स्टाफ ने अधिकारियों को सूचना दी। स्टाफ ने दरवाजा तोड़ा और डाक्टर जमीन पर पड़ा था। पास में पोटैशियम क्लोराइड के इंजैक्शन और खाली शीशी पड़ी थी। स्टाफ तुरंत इमरजैंसी में लग गया, लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सैक्टर-34 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दे दिया है। पुलिस ने डाक्टर का मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है, ताकि मौत का कारण पता चल सके।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल मौत के कारणों को लेकर कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। हर एंगल से जांच की जा रही है और अस्पताल स्टाफ और परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

सूत्रों के अनुसार वह काफी दिनों से मानसिक तौर से परेशान थे, लेकिन यह परेशानी ड्यूटी के चलते थी या फिर अन्य कारण था।



सूचना मिलने के बाद जी.एम.सी.एच.-32 जांच करने पहुंची पुलिस। परमजीत

### 3 माह पहले आए और जी.एम.सी.एच. ज्वाइन किया

24 वर्षीय डॉ. योगेश तीन महीने पहले चंडीगढ़ आए और जी.एम.सी.एच.-32 में ज्वॉइन किया था। वह जनरल मैडीसिन विभाग में कार्यरत थे। मंगलवार सुबह डॉ. योगेश ड्यूटी पर आए और मरीजों को चैक कर रहे थे। इसके बाद ट्रॉमा सैंटर के शौचालय में गए। काफी देर तक बाहर नहीं आए तो स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खोलने पर स्टाफ ने सूचना अधिकारियों को दी। अधिकारियों के ओदश पर स्टाफ ने शौचालय का दरवाजा तोड़ा, तो हैरान रह गए। डाक्टर शौचालय में जमीन पर पड़ा था और हाथ पर इंजैक्शन के तीन निशान थे। शव के पास पोटैशियम क्लोराइड के इंजैक्शन और खाली शीशी पड़ी थी। स्टाफ इमरजैंसी में ले गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

डी.एस.पी. और सैक्टर-34 थाना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि डाक्टर ने खुद को तीन इंजैक्शन लगाए थे। हालांकि आत्महत्या के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही चल सकेगा।

### अस्पताल के हास्टल में रहते थे

एम.डी. मैडीसिन फर्स्ट इयर के छात्र डॉ. योगेश जी.एम.सी.एच.-32 के हास्टल में रह रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन चंडीगढ़ पहुंच गए। घटना की खबर फैलते ही ट्रामा सैंटर के बाहर बड़ी संख्या में डाक्टर और अस्पताल कर्मचारी एकत्र हो गए। डॉ. योगेश मेहनती और शांत स्वभाव के चिकित्सक थे।

### आर.डी.ए. ने जताया दुख, साथियों से मदद लेने की अपील

**रेजीडैंट** डॉक्टर्स एसोसिएशन (आर.डी.ए.) ने जनरल मैडीसिन विभाग के रेजीडैंट डॉक्टर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. योगेश 2025 बैच के रेजीडैंट डॉक्टर थे।

आर.डी.ए. ने कहा कि एक युवा डॉक्टर का असमय निधन बेहद दुखद है। इस कठिन समय में डॉक्टर समुदाय परिवार और साथियों के साथ खड़ा है। वह दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के प्रति समर्थन, संवेदना और एकजुटता व्यक्त करते हैं। आर.डी.ए. ने अपील की है कि व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में मानसिक या भावनात्मक कठिनाइयों का सामना कर रहा है या ऐसे व्यक्ति को जानता है, जो संघर्ष कर रहा है, तो सहायता लेने में संकोच न करे। एसोसिएशन ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद और समर्थन के लिए सदस्य हमेशा उपलब्ध हैं।

आर.डी.ए. अध्यक्ष डॉ. श्रद्धा भारद्वाज, उपाध्यक्ष डॉ. अनुष्का चौधरी और महासचिव डॉ. मानसी भट्ट ने दिवंगत डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

### हंसमुख डॉक्टर की अचानक मौत से साथियों में शोक

चंडीगढ़, 2 जून (पाल): जी.एम.सी.एच.-32 की निदेशक डॉ. रवनीत कौर का कहना है कि जिस वक्त यह घटना हुई, रेजीडैंट डॉक्टर की पोस्टिंग एमरजैंसी में थी। बेहद दुखद है कि इतनी कम उम्र में दुनिया छोड़कर चले गए। मौके पर ही एमरजैंसी में इलाज दिया, लेकिन वह दम तोड़ चुके थे।


डॉ. रवनीत कौर

उन्होंने कहा कि मामले को लेकर फिलहाल कोई कमेटी नहीं बनाई गई है और जांच पुलिस को सौंप दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि क्या एक्शन लेना है। साथियों की मानें तो काफी हसमुख लड़का था।

डॉ. रवनीत कौर ने कहा कि अभी यह कहना कि किसी तरह की परेशानी में थे, जल्दबाजी होगी। परिवार में किसी से इस मामले को लेकर कोई बात हुई हमने इस तरह की सवाल उनसे नहीं किए। परिवार के लिए यह बड़ा सदमा है और इस दुःख में उनके साथ खड़े हैं। तनाव को लेकर अस्पताल फैकल्टी के पास कोई जानकारी कभी नहीं पहुंची।

# फर्जी इंटरनैशनल कॉल सैंटर का पर्दाफाश, 21 गिरफ्तार

## काम करने वाले 17 जमानत पर रिहा, चारों मास्टरमाइंड रिमांड पर भेजे

पंचकूला, 2 जून (मुकेश खेड़ा): पंचकूला पुलिस ने फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सैंटर का भंडाफोड़ कर 4 मास्टरमाइंड समेत 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अदालत ने 7 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

मुख्य आरोपी राजा सिद्दकी (कोलकाता/मोहाली), अक्षय उर्फ टिक्कु (दिल्ली/पंचकूला), नवदीप बेदी उर्फ राज बेदी (बटाला, पंजाब/पंचकूला) और अंकुर कपूर (पंचकूला) को 7 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इसके अलावा अन्य आरोपियों में 5 युवतियां व 12 युवक शामिल हैं, जो यहां कंम्प्यूटर ऑप्रेटर का काम करते थे। यह चंडीगढ़, मोहाली, पंजाब, बिहार, हरियाणा, दिल्ली, कोलकाता व अन्य राज्यों के स्थाई निवासी हैं। इन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

डी.सी.पी. क्राइम के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। जांच में हवाला नैटवर्क, क्रिप्टो ट्रांजैक्शन, विदेशी नागरिकों से ठगी की रकम का लेन-देन और अन्य सहयोगियों की भूमिका सामने आई है।

### यू.एस.ए. का ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बता लोगों को लेते थे झांसे में

छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया कि कॉल सैंटर में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां लैपटॉप पर काम कर रहे थे। आरोपी एक सॉफ्टवेयर के जरिए कॉल प्राप्त करते थे। खुद को अमेजन यू.एस.ए. का ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बता लोगों को झांसे में लेते थे। पीड़ितों से निजी जानकारी प्राप्त कर रिमोट एक्सेस ऐप डाऊनलोड करवाते थे। इसके माध्यम से पीड़ितों के सिस्टम तक पहुंच हासिल कर गिफ्ट कार्ड खरीदने के लिए गुमराह किया जाता था। बाद में गिफ्ट कार्डों को विभिन्न माध्यमों से रिडीम कर आर्थिक लाभ कमाया जाता था।



पंचकूला के सैक्टर-2 स्थित फर्जी कॉल सैंटर में छापेमारी के बाद आरोपियों (मुंह ढके हुए) को दबोच कर ले जाती पुलिस। (विजय)

### 19 कम्प्यूटर, 3 लैपटॉप, 16 हैंडसैट, 2 पी.ओ.एस. मशीनें, 11.30 लाख रुपए नकद बरामद


सैंटर में छापे के दौरान बरामद सामान को जब्त कर लिया।

**डी.सी.पी.** क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के अनुसार पुलिस ने 19 कम्प्यूटर, 3 लैपटॉप, 16 हैंडसैट, 2 पी.ओ.एस. मशीनें, 3 वॉकी-टॉकी सैट, 2 वाई-फाई राऊटर, नोट गिनने की मशीन, मोहर, हार्ड क्रिप्टो वॉलेट, 11.30 लाख नकद, नकली विदेशी मुद्रा, सोने व डायमंड के आभूषण, दस्तावेज और इलैक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं।

### ऐसे संगठित गिरोह नहीं बख्शे जाएंगे : पुलिस कमिश्नर

पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने कहा है कि विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर भारत की छवि खराब करने वाले ऐसे संगठित गिरोह किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। इस मामले में अत्याधुनिक तकनीक, क्रिप्टो लेनदेन और हवाला नेटवर्क के पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर साइबर क्राइम थाना टीम, स्टेट साइबर टीम और विभिन्न क्राइम यूनिट्स द्वारा संयुक्त रूप से देर रात छापेमारी की।

इस कार्रवाई के दौरान सैक्टर-2 पंचकूला के प्रथम तल पर संचालित फर्जी कॉल सैंटर से 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 4 मुख्य आरोपी शामिल हैं।


तेज धूप और उमस से लोग परेशान होने लगे हैं। चुन्नी से मुंह ढककर जाती स्कूटी सवार महिला। (राणा)

# आज से फिर बदलेगा मौसम, आंधी के साथ बारिश के आसार, 3 दिन का अलर्ट

■ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती है

चंडीगढ़, 2 जून (पाल): ट्राईसिटी के लोगों को कुछ दिनों में भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 3 से 5 जून तक चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री सैल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है। पूरा दिन मौसम अपेक्षाकृत सामान्य रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक 3, 4 और 5 जून को ट्राईसिटी में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। 6 जून को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और 7 को मौसम साफ रहने की संभावना है। विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के लिए भी कुछ दिनों तक गरज-चमक और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। 3 और 4 जून को कई स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, 5 और 6 जून को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

# बलटाना में पिस्टल दिखा घर में घुसे, डरा धमका कर गहने-नकदी लेकर फरार

जीरकपुर, 2 जून (अश्वनी) : बलटाना में मंगलवार दोपहर आनंद विहार कॉलोनी में एक घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है।

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि 5 युवक दिनदिहाड़े घर में घुस गए और पिस्टल दिखाकर महिलाओं को डराया-धमकाकर नकदी व आभूषण लेकर फरार हो गए। पीड़िता पुष्पा और उसकी बहू रवीना ने बताया कि घटना दोपहर करीब सवा 3 बजे की है। घर में वह दोनों और दो बच्चियां थीं।

आरोप है कि दो युवक पिस्टल लेकर घर में घुसे और 10 हजार रुपए की मांग की। उनके 3 साथी बाहर खड़े थे। विरोध करने पर एक युवक ने रवीना को धक्का दे दिया और बालियां छीन लीं। शोर मचाने पर आरोपी ने पिस्टल से सिर पर वार किया और वह बेहोश हो गई। परिवार के अनुसार आरोपी करीब सात हजार नकद और चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इलाके में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे में 3 संदिग्ध युवक दिखाई दे रहे हैं।


बलटाना में लूट की वारदात के बाद सहमा परिवार और मां को हौंसला देते हुए बेटी और अन्य सदस्य।

# साइड मांगने पर बहस, बाइक तोड़कर एक्टिवा सवारों ने की फायरिंग, काबू

## सैक्टर-20 में वारदात को दिया अंजाम, पुलिस ने दर्ज किया मामला

चंडीगढ़, 2 जून (सुशील राज): ओवरटेक को लेकर बुलेट और एक्टिवा सवारों के बीच बहस हो गई। बहस का बदला लेने के लिए एक्टिवा सवारों ने सैक्टर-20 में पी.जी. के बाहर खड़ी बाइक तोड़ी और फायरिंग कर दी।

लोगों ने एक हमलावर को दबोच लिया, जबकि दो आरोपी फरार हो गए। आरोपी की पहचान सैक्टर-30 निवासी जय किशन के रूप में हुई। वह डिलीवरी का काम करता है।

गोली चलने की आवाज सुन आसपास के लोग घरों से बाहर आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। सैक्टर-19 थाना पुलिस ने राजीव की शिकायत पर आरोपी जय किशन, अभिजीत और नाबालिग पर मामला दर्ज किया। पुलिस जय किशन की निशानदेही पर फरार आरोपी अभिजीत और एक नाबालिग की तलाश करने में लगी हुई है।

सैक्टर-30 निवासी जय किशन अभिजीत और एक नाबालिग के साथ सैक्टर-30 स्थित ठेके पर शराब पी रहा था। इसके बाद तीनों एक्टिवा पर पेट्रोल डलवाने के लिए सैक्टर-20 की तरफ गए। रास्ते में पीछे से बुलेट पर सैक्टर-33 निवासी राजीव दोस्त सुनील के साथ आ रहा था। उन्होंने हार्न देकर उन्हें साइड देने के लिए कहा। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर बुलेट सवार युवकों ने जय किशन और उसके साथियों के साथ मारपीट की और वहां से चले गए।




सैक्टर-20 में गोली चलाने वाले को पुलिस ने दबोचा और बरामद एक्टिवा। परमजीत

### लोग पकड़ने लगे तो किए आरोपी ने किए फायर

जय किशन और साथी बुलेट सवार युवकों का पीछा करते हुए सैक्टर-20ए घर तक पहुंच गए। देर रात करीब 12 बजे तीनों फिर आए और घर के बाहर खड़ी बुलेट को राड से तोड़ना शुरू कर दिया। शोर सुन युवक और लोग बाहर आ गए। लोगों ने हमलावर जय किशन को पकड़ लिया, जबकि साथी भागने लगे। जय किशन को लोगों के कब्जे से छुड़ाने के लिए साथी अभिजीत ने देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद अभिजीत और नाबालिग साथी मौके से फरार हो गए।

### दो साल पहले खरीदा था देसी कट्टा

पुलिस जांच में सामने आया है कि देसी कट्टा जय किशन का था। पूछताछ में उसने बताया कि करीब दो वर्ष पहले बुड़ैल क्षेत्र में रहने वाले एक परिचित से यह कट्टा लिया था। उसका अपने इलाके में कुछ लोगों से विवाद था, जिसके चलते हथियार रखा था। पुलिस ने जय किशन व साथियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, फायरिंग, तोड़फोड़ और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही फरार आरोपी अभिजीत और नाबालिग की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

**आर.टी.आई.** | पी.जी.आई. को खाली मकानों से हर साल हो रहा 4.28 करोड़ का नुकसान

# एक हजार कर्मचारी मकान का इंतजार कर रहे, परिसर में 253 क्वार्टर खाली

चंडीगढ़, 2 जून (पाल): पी.जी.आई. में कर्मचारियों के लिए बने 253 सरकारी मकान खाली हैं, जिससे संस्थान को हर साल करीब 4.28 करोड़ का वित्तीय नुकसान हो रहा है। यह दावा ज्वाइंट एक्शन कमेटी (जैक) ऑफ पी.जी.आई. सीडब्ल्यूयूज के चेयरमैन अश्विनी कुमार मुंजाल ने किया है।

मुंजाल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव एवं पी.जी.आई. की स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरटीआई के जरिए मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-12 और 24 स्थित पी.जी.आई. आवासीय कॉलोनियों में फैकल्टी



और गैर-फैकल्टी कर्मचारियों के 253 मकान खाली हैं। इनमें कुछ मकान वर्ष 2017 से खाली हैं, जबकि बड़ी संख्या में मकान 2022, 2023, 2024 और 2025 से आवंटन का इंतजार कर रहे हैं।

दूसरी ओर करीब 1000 कर्मचारी सरकारी मकान पाने के लिए प्रतीक्षा सूची में हैं और उन्हें बाजार में महंगा किराया देकर रहना पड़ रहा है। मुंजाल के मुताबिक दूर-दराज इलाकों में रहने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी पर समय से पहुंचने में भी परेशानी होती है। बारिश, सर्दी और ट्रैफिक जाम जैसी परिस्थितियों में असर कर्मचारी और मरीज सेवाओं दोनों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को किराए और आने-जाने पर अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, जबकि खाली मकान पी.जी.आई. परिसर या उसके नजदीक उपलब्ध हैं।

जैक के अनुसार संस्थान को केवल लाइसैंस फीस का ही नहीं, बल्कि मकान न मिलने पर कर्मचारियों को दिए जा रहे हाउस रेंट अलाऊंस (एच.आर.ए.) के कारण भी आर्थिक नुकसान हो रहा है। अनुमान के मुताबिक खाली मकानों के कारण हर महीने करीब 35.72 लाख और सालाना 4.28 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।

### केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग

मुंजाल के मुताबिक सैकड़ों कर्मचारी वर्षों से आवास का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, बड़ी संख्या में मकान खाली हैं। इससे कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है तथा संस्थान को भी करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर मकानों का आवंटन सुनिश्चित करने की मांग की है। पांच से छह वर्षों में खाली मकानों के कारण पी.जी.आई. को 20 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। यह केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि जनहित और मरीज सेवाओं से जुड़ा मामला भी है।

# एन.डी.पी.एस. केस में दोषी को 10 साल सजा, 1 लाख जुर्माना

मोहाली, 2 जून (संदीप) : एन.डी.पी.एस. मामले में जिला अदालत ने दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है। सजा के साथ 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न देने पर उसे एक साल की और कैद काटनी होगी।

रूपनगर निवासी, लखवीर सिंह को स्पैशल टास्क फोर्स (एस.टी.एफ.) ने सूचना के आधार पर रोका था। तलाशी के दौरान 2400 नशीली गोलियां बरामद हुईं। एस.टी.एफ. ने 7 अगस्त, 2020 को केस दर्ज किया था।

एफ.एस.एल. रिपोर्ट में पाया गया कि गोलियों में मौजूद नशीले पदार्थ की मात्रा कमर्शियल कैटेगरी की थी, जिस कारण कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

दोनों पक्षों की दलीलों और सबूतों के आधार पर अदालत ने फैसला सुनाया।

# कमियां दूर नहीं करने और उल्लंघन पर रैपर बादशाह का क्लब सागो सील

## प्रशासन के अनुसार स्वीकृत नक्शे और निर्माण नियमों से जुड़े कई उल्लंघन

चंडीगढ़, 2 जून (सुशील राज): चंडीगढ़ प्रशासन ने मंगलवार को सैक्टर-26 स्थित शोरूम नं 17 में मशहूर रैपर बादशाह का सागो क्लब सील कर दिया। यह कार्रवाई यू.टी. एस्टेट ऑफिस की बिल्डिंग ब्रांच और प्रवर्तन शाखा ने भवन नियमों के उल्लंघन करने पर की है। क्लब संचालकों को कई बार नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर कमियां दूर करने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अनुपालन न होने पर सीलिंग का फैसला लिया।

प्रशासन के अनुसार क्लब परिसर में स्वीकृत भवन नक्शे और निर्माण नियमों से जुड़े कई उल्लंघन पाए गए थे। नोटिसों के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मंगलवार सुबह टीम ने क्लब सील कर दिया। कई बार प्रोटैक्शन मनी को लेकर भी गैंगस्टारों ने फायरिंग तक करवाई थी।






प्रशासन की ओर से सील किया गया सागो क्लब। (परमजीत)

### एक साल में 10 क्लबों पर कार्रवाई

शहर में एक वर्ष के दौरान करीब 10 क्लबों और बार को नियमों के उल्लंघन के कारण सील किया जा चुका है। सबसे अधिक क्लब मध्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में संचालित हैं। इससे पहले एस्टेट ऑफिस ने सैक्टर-7 स्थित सांता क्लब और ब्लू एस्टेट क्लब के खिलाफ कार्रवाई की थी। पिछले साल प्रशासन ने सैक्टर-7 स्थित एक लाऊंज बार को भी सील किया था। अधिकारियों के अनुसार वहां भी भवन संबंधी गंभीर उल्लंघन पाए गए थे, जो संपदा विभाग की नीतियों के विपरीत थे।

# अंडर ग्रैजुएट दाखिले आज से, पोस्ट ग्रैजुएट के लिए 10 जून से करें आवेदन

## एंट्रैंस क्लीयर करने वाले यू.जी. एक जुलाई तक और पी.जी. वाले 21 जुलाई तक कर कर सकते हैं अप्लाई

चंडीगढ़, 2 जून (रश्मि हंस): पंजाब विश्वविद्यालय (पी.यू.) 3 जून से यूजीएडमिशंस. पीयूसीएचडी.एसी.इन पर स्नातक (अंडर ग्रैजुएट) और प्रमाण पत्र कोर्सों के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोलेगा, जबकि स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, उन्नत डिप्लोमा और स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रैजुएट) डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए पोर्टल 10 जून से ऑनलाइन एडमिशनंस. पीयू. सीएचडी.एसी.इन पर खुलेगा।

एंट्रैंस क्लीयर करने वाले यू.जी. एक जुलाई तक और पी.जी. वाले 21 जुलाई तक कर आवेदन कर सकते हैं। जिन स्टूडैंट ने अप्रैल और जून, 2026 के बीच निर्धारित प्रवेश (एंट्रैंस) परीक्षाओं के लिए पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें भी सभी स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 1 जुलाई, 2026 तक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 21 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म जमा करना आवश्यक है, भले ही योग्यता परीक्षा या प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा कुछ भी हो।

पी.यू. वी.सी. प्रो. रेणु विग ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के निर्देश के डीन प्रो. मीनाक्षी गोयल, विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षाविद इस अवसर पर मौजूद थे।

### इंजीनियरिंग कोर्स में संयुक्त दाखिले (जेक) के जरिए

पी.यू. के इंजीनियरिंग कोर्सों में दाखिला संयुक्त प्रवेश समिति (जेक) पोर्टल के माध्यम से जे.ई.ई. -2026 के आधार पर किए जाएंगे। इंजीनियरिंग के विभिन्न कोर्सों में में बी.ई. में स्टूडैंट खाद्य प्रौद्योगिकी, रासायनिक, जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलैक्ट्रिकल और इलैक्ट्रॉनिक्स के अलावा पी.यू. में एकीकृत बी.ई. (केमिकल)-एमबीए कोर्स करवाए जाते है। पी.यू. रीजनल सैंटर होशियारपुर में इंजीनियरिंग कोर्सों में एडमिशन प्रक्रिया जेक के माध्यम से की जाएगी। विश्वविद्यालय एम.एससी. सहित कार्यक्रमों के लिए पी.यू.-सी.ई.टी. (पी.जी.) के माध्यम से भी दाखिला प्रक्रिया को अंजाम देगा। वहीं विज्ञान और एम.टैक इंस्ट्रूमेंटेशन, एम.कॉम (ऑनर्स), एम.बी.एफ.ई.एक्स., एम.सी.ए., एल.एल.एम., एम.पी.एड, बी.पी.एड और एम.ए. कार्यक्रम जिनमें अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, पत्रकारिता और जनसंचार, भूगोल, इतिहास और सामाजिक कार्य शामिल हैं पाठ्यक्रम विधि विभाग, पी.यू., पी.यू.आर.सी.. लुधियाना, पी.यू.आर.सी.. मुक्तसर, पी.यू. रीजनल सैंटर होशियारपुर के लिए पी.जी. थ्री ईयर लॉ प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा।

### बी.ए.-बी.एड. व एम.ए. कोर्स

आईईटीवीई., पी.यू. द्वारा प्रस्तावित बी.ए. बी.एड. कार्यक्रमों के लिए एन.सी.ई.टी.-2026 के अंकों पर भी विचार किया जाएगा। एम.ए. इतिहास कला, गांधीवादी और शांति अध्ययन, भारतीय रंगमंच, संगीत, पुलिस प्रशासन, एम.एससी. और फैशन और लाइफस्टाइल प्रौद्योगिकी में बी.एससी. और बी.एड. विशेष शिक्षा सहित कई पाठ्यक्रमों में छात्रों को योग्यता परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। पी.यू. ने एम.फार्मा, एम.टैक, एम.ई., एम.एड., मानविकी और सामाजिक विज्ञान में एम.ए. कार्यक्रम, बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र, बी.ए. सहित कई कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की घोषणा भी की है। बीए (ऑनर्स) पी.यू. आईजर लाइब्रेरी साइंसेज और अलग-अलग पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्सों में स्टूडैंट दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।




### पी.यू. इवनिंग विभाग

पी.यू. रीजनल सैंटर, मुक्तसर और पी.यू. के इवनिंग स्टडीज-मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च सैंटर में भी अलग-अलग अंडरग्रैजुएट और पोस्टग्रैजुएट कोर्सों के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू होने जा रही हैं। इवनिंग कोर्स में एडमिशन चाहने वाले उम्मीदवार को एम्प्लॉयर सर्टिफिकेट या सैल्फ-एम्प्लॉयमैंट डिक्लेरेशन जमा करने के लिए कहा गया है। पी.यू. रीजनल सैंटर कौनी, पी.यू. रीजनल सैंटर होशियारपुर, पी.यू. रीजनल सैंटर मुक्तसर और वी.वी.बी.आई.एस. एंड आई.एस. होशियारपुर के लिए एडमिशन ऑफलाइन एडमिशन फॉर्म के जरिए होंगे। पी.यू. प्रबंधन ने स्टूडैंट्स को सलाह दी है कि सीटें कम होने की वजह से ज्यादा से ज्यादा विषयों के विकल्प भरें। फाइनल अलॉटमैंट पूरी तरह से मैरिट के आधार पर किया जाएगा। स्पोर्ट्स कैटेगरी के तहत अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स को एडमिशन फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख से पहले कैंपस स्पोर्ट्स ऑफिस में जरूरी सर्टिफिकेट और डॉक्यूमैंट जमा करने के लिए कहा गया है।

# पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस में चलाया सफाई अभियान

### स्वच्छ भारत अभियान अपना असली मकसद तभी हासिल कर सकता है जब सफाई को मिलकर जिम्मेदारी के तौर पर अपनाएं

चंडीगढ़, 2 जून (रश्मि हंस): पंजाब विश्वविद्यालय (पी.यू.) की ओर से 'स्वच्छ भारत अभियान के तहत, वर्ल्ड एनवायरनमैंट डे' से पहले कैंपस स्टूडैंट्स काउंसिल और हॉर्टिकल्चर डिवीजन के साथ मिलकर यूनिवर्सिटी कैंपस में एक सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में पी.यू. की वी.सी. प्रोफैसर रेणु विग बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुईं और सफाई अभियान में हिस्सा लिया। यह अभियान प्रो. परवीन गोयल, कोऑर्डिनेटर, स्वच्छ भारत अभियान, पंजाब यूनिवर्सिटी के गाइडैंस में चलाया गया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रो. विग ने इस बात पर जोर दिया कि सफाई और एनवायरनौंटल सस्टेनेबिलिटी सिर्फ स्टूडैंट्स, कर्मचारी और यूनिवर्सिटी कम्युनिटी के मिलकर किए गए प्रयासों से ही हासिल की जा सकती है।

### प्रतिभागियों को शपथ भी दिलाई



प्रो. रेणु विग ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान अपना असली मकसद तभी हासिल कर सकता है जब हर एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन, वर्कप्लेस और पब्लिक स्पेस सफाई को एक मिलकर जिम्मेदारी के तौर पर अपनाए। इस मिशन की सफलता हर नागरिक और इंस्टिट्यूशन के साफ और हैल्दी एनवायरनमैंट बनाए रखने में एक्टिव भाग लेने पर निर्भर करती है। प्रो. विग ने प्रतिभागियों को शपथ भी दिलाई। इस ड्राइव में बड़ी संख्या में हॉस्टल वार्डन, स्टूडेंट्स, यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों और फैकल्टी मैंबर्स ने हिस्सा लिया। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (एक्सईएएन-सैकेंड) अनिल ठाकुर भी मौजूद थे और सफाई अभियान में शामिल हुए।

# डी.पी.एस.ई. द्वितीय वर्ष का परिणाम, स्नेह प्रथम, पुष्टि रहीं द्वितीय

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): स्टेट कौंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग की ओर से डिप्लोमा इन प्री स्कूल के द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया है। सैक्टर-27 स्थित राजा राम मोहन राय वोकेशनल स्टडीज की स्नेह कुमारी ने 91.25 प्रतिशत अंक लेकर संस्थान में प्रथम और चंडीगढ़ में तीसरा स्थान हासिल किया है। पुष्टि ने 90.3 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और निपुण ने 90.5 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान संस्थान प्राप्त किया है।





संस्थान के अधिकतर छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। संस्थान के निदेशक लखविंदर सिंह, प्रधानाचार्य संगीता धीर और व्याख्याताओं ने सभी छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और अच्छे अंक प्राप्त करने पर बधाई दी। डी.पी.एस.ई. पाठ्यक्रम की पहली काउंसलिंग 10 जुलाई को आयोजित की।

### जन्मदिन मुबारक



रकुलप्रीत



दिलप्रीत



कनिष्क



दीपक पाराशर

खुशी के हर खास मौके पर...
सदा आपके साथ
जन्मदिन | विवाह





अपने बेटे/ बिटिया के जन्मदिन | नव-विवाहित जोड़े अपने विवाह
वर्षगांठ | सैल्फी स्टार





अपने विवाह की वर्षगांठ | परिवार एवं मित्रों की सैल्फी (3 से ज्यादा)
फोटो हमें भेजें।
9814825151, 7837580073
7837580071
नोट: मेल में नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।

# निजी स्कूलों को छात्र सुरक्षा, पार्किंग मानकों के सख्त अनुपालन के निर्देश, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

## उपायुक्त ने निजी स्कूल प्रबंधन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने शहर के निजी स्कूल प्रबंधन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में छात्र सुरक्षा, स्कूल परिवहन प्रबंधन, पार्किंग स्थलों के उपयोग, स्वीकृत भवन योजनाओं के अनुपालन तथा सेफ ट्रांसपोर्टेशन पॉलिसी फॉर स्टूडेंट्स नीति के क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सभी निजी स्कूलों को निर्देश दिए गए कि छात्रों के चढ़ने और उतरने की प्रक्रिया स्कूल परिसर के भीतर ही सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हेतु प्रशिक्षित स्टाफ की समुचित निगरानी भी सुनिश्चित करने को कहा गया।



उपायुक्त निशांत कुमार यादव संबोधित करते हुए। (परमजीत)

उपायुक्त ने कई स्कूलों में निर्धारित पार्किंग स्थलों के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की। यह पाया गया कि स्वीकृत भवन योजनाओं में चिन्हित पार्किंग स्थलों का उपयोग लॉन, खेल मैदान, स्विमिंग पूल, गार्ड रूम तथा शेड आदि अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वीकृत पार्किंग स्थलों का उपयोग केवल स्कूल बसों एवं वाहनों की पार्किंग के लिए ही किया जाए तथा किसी अन्य उद्देश्य के लिए उनका उपयोग न किया जाए। स्वीकृत भवन योजनाओं के अनुपालन को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए।

उपायुक्त ने आगाह किया कि किसी भी प्रकार का अनधिकृत निर्माण, स्वीकृत नक्शे से विचलन अथवा निर्धारित लेआउट का दुरुपयोग गंभीर उल्लंघन माना जाएगा तथा संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### उल्लंघन है तो ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान दुरुस्त किया जाए

निजी स्कूलों को बिना किसी विलंब के स्ट्रास नीति को पूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। यह नीति विद्यार्थियों के सुरक्षित परिवहन हेतु व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान करती है तथा इसका अनुपालन सभी स्कूलों के लिए अनिवार्य किया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि छात्र सुरक्षा, पार्किंग मानकों अथवा भवन योजना अनुपालन से संबंधित उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूलों को बैठक में जारी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने तथा यदि उल्लंघन है तो ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

# 'पौणाहारिया सानूं प्यार तेरा चाहीदा' भजनों से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



प्रसिद्ध भजन गायक राजन राज एवं खुशप्रीत कौर ने बाबा बालक नाथ जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर सैक्टर-29 में 52वां वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव शुरू

चंडीगढ़, 2 जून (मीनाक्षी): सैक्टर-29 स्थित श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ सेवा मंडल द्वारा 52वें वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया। यह धार्मिक आयोजन 7 जून तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन बाबा बालक नाथ जी की पूजा-अर्चना, भजन संध्याएं तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मूर्ति स्थापना उत्सव के प्रथम दिन भगवान श्री बाबा बालक नाथ जी की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पंचामृत स्नान के साथ विधि-विधानपूर्वक अभिषेक किया गया। शाम को आयोजित भव्य भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक राजन राज एवं खुशप्रीत कौर ने बाबा बालक नाथ जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने 'पौणाहारिया सानूं प्यार तेरा चाहीदा', 'रहमतां ने कीता ऐ कमाल जोगिया', 'सोने दे सिंहासन ते आ के बह गए पौणाहारी', 'तेरी मेहर जोगिया हो गई ऐ हुण मौजा ही मौजा' तथा 'खाली न सानूं दरों मोड़ बाबा' सहित अनेक लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए। भजनों की मधुर प्रस्तुति पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

# पी.यू. ने 7 हॉस्टलों के बदले वार्डन

चंडीगढ़, 2 जून (रश्मि हंस): पंजाब यूनिवर्सिटी ने 7 हॉस्टलों के वार्डनों को तबदील किया है। हॉस्टल नंबर सात में कैमिकल विभाग की डॉ. सोनिया को नियुक्त किया गया है। इससे पहले की वार्डन के प्रोफैसर बनने के कारण उनको तीन वर्ष के कार्यकाल के बाद वार्डन पद से हटाया गया है।

गर्ल्स हॉस्टल नंबर-10 व 11 में दो नए वार्डन नियुक्त किए गए है। इससे पहले एक ही वार्डन दोनों हॉस्टल का चार्ज संभाल रही थी, गर्ल्स हॉस्टल नंबर-11 में फिजिकल विभाग की डॉ. नवनीत कौर और हॉस्टल नंबर-10 का चार्ज साइक्लोजी की प्रोबानी नरूला को दिया गया है। वहीं लड़कों के हॉस्टल नंबर-2 में प्रो. अनुज को हॉस्टल नंबर-6 से ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने हॉस्टल की वॉर्डनशिप से इस्तीफा देने की बात कही थी। हॉस्टल नंबर-2 में पहले यू.बी.एस. के प्रो. तिलक बतौर वार्डन काम कर रहे थे, उन्हें कार्यकाल पांच वर्ष पूरा होने पर बदला गया है। हॉस्टल नंबर-2 में मैनेजमैंट विभाग के प्रो. अजय डोगरा को नया वार्डन नियुक्त किया गया है।

इनके अलावा हॉस्टल नंबर-8 में प्रो. रवि प्रकाश त्रिपाठी को बतौर वार्डन नियुक्त किया गया है। ध्यान रहे कि मई में हर वर्ष कुछ वार्डन को उनका कार्यकाल पूरा होने पर व कुछ को अन्य कारणों से बदला जाता है।

# जी.जी.जी.एस.सी.डब्ल्यू. ने प्रॉस्पैक्टस किया जारी



सिख एजुकेशनल सोसायटी के सदस्य प्रॉस्पैक्टस जारी करते हुए। परमजीत

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): सैक्टर-26 स्थित गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर वूमैन ने शैक्षणिक सत्र के लिए प्रॉस्पैक्टस जारी किया। परिसर में आयोजित समारोह में सिख एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष गुरदेव सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. बिरेंद्र कौर, संयुक्त सचिव करनदीप सिंह चीमा तथा कॉलेज की उप-प्राचार्या डॉ. जसविंदर कौर ने प्रॉस्पैक्टस का विमोचन किया।

इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रॉस्पैक्टस में कॉलेज के विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता शर्तों, छात्रवृत्तियों तथा प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई है। कॉलेज ने छात्राओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की व्यवस्था की है। इच्छुक छात्राएं कॉलेज की वेबसाइट पर प्रॉस्पैक्टस देख सकती हैं और ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आवेदन पोर्टल के माध्यम से भी किए जा सकते हैं।

### प्रो. रंजू बंसल ने फार्मास्यिुटिकल विभाग का चेयरपर्सन का पदभार संभाला

चंडीगढ़, 2 जून (रश्मि हंस): पंजाब यूनिवर्सिटी (पी.यू.) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (यू.आई.पी.एस.) में मंगलवार को प्रोफैसर रंजू बंसल ने इंस्टीट्यूट की चेयरपर्सन का पद संभाला। इस अवसर पर विभाग की फैकल्टी, स्टाफ, रिसर्च स्कॉलर, स्टूडैंट्स, एलुमनाई और शुभचिंतकों ने प्रोफैसर रंजू बंसल को यह बड़ी जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। रिसर्चर, प्रोफैसर बंसल ने अपनी टीचिंग, रिसर्च, मैंटरशिप और एडमिनिस्ट्रेटिव लीडरशिप के जरिए फार्मास्युटिकल साइंसेज में बड़ा योगदान दिया है।

उनके नाम कई विदेशी पैटेंट और हाई प्रोफ़ाइल जर्नल्स में हाई इम्पैक्ट पब्लिकेशन हैं। उन्हें यूनाइटेड किंगडम की यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्ट्रैथक्लाइड में काम करने के लिए मशहूर कॉमनवेल्थ एकेडमिक स्टाफ फेलोशिप दी गई है। डॉ. रंजू बंसल ने अलग-अलग फंडिंग एजैंसियों से मिले 5 करोड़ रुपये के कई रिसर्च प्रोजैक्ट्स को कामयाबी से संभाला है और कई चल रहे प्रोजैक्ट्स को भी सुपरवाइज़ कर रही हैं। वह कई प्रोफैशनल और फंडिंग एजैंसियों की एक्टिव मैंबर हैं।

### डॉ. टाली लैंडो ने साझा किए जटिल बाल ई.एन.टी. सर्जरी के अनुभव

# बच्चों की एयरवे सर्जरी पर व्याख्यान, अमेरिका की विशेषज्ञ ने दिए अहम सुझाव

चंडीगढ़, 2 जून (पाल): पी.जी.आई. के ई.एन.टी. विभाग में एक अंतरराष्ट्रीय गेस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमेरिका की प्रसिद्ध पीडियाट्रिक ओटोरहाइनोलॉजिस्ट और एयरवे सर्जन डॉ. टाली लैंडो ने बच्चों की जटिल ई.एन.टी. और एयरवे सर्जरी से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। यह कार्यक्रम पी.जी.आई. के लैक्चर थिएटर-1 में आयोजित किया गया, जिसमें विभाग के फैकल्टी सदस्य, डॉक्टर और रैजीडैंट्स बड़ी संख्या में शामिल हुए।

डॉ. टाली लैंडो न्यूयॉर्क स्थित मारिया फरेरी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल और वेस्टचेस्टर मैडिकल सैंटर में पीडियाट्रिक ओटोरहाइनोलॉजिस्ट एवं एयरवे सर्जन हैं। वह चर्चित पुस्तक सर्जिकल टेल्स फ्रॉम द ब्रिंक (एंड बैक) की लेखिका भी हैं। अपने व्याख्यान ट्विस्टी टेल्स ऑफ पीडियाट्रिक ओटोरहाइनोलॉजी एंड लेसन्स लर्न्ड में डॉ. लैंडो ने बच्चों में एयरवे से जुड़ी जटिल बीमारियों और सर्जरी के दौरान आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कई वास्तविक क्लीनिकल मामलों के उदाहरण देते हुए बताया कि कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय और टीमवर्क मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की एयरवे सर्जरी ई.एन.टी. की सबसे चुनौतीपूर्ण शाखाओं में से एक है, जहां हर केस अलग होता है और डॉक्टरों को त्वरित तथा सटीक निर्णय लेने पड़ते हैं।



ई.एन.टी. विभाग में अंतरराष्ट्रीय गेस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत ई.एन.टी. विभागाध्यक्ष प्रो. जयमंती बक्शी ने की। उन्होंने डॉ. लैंडो का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम युवा डॉक्टरों और रैजीडैंट्स को वैश्विक विशेषज्ञों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। इसके बाद प्रो. अनुराग एस. रामावत ने वक्ता का परिचय दिया। कार्यक्रम में पी.जी.आई. के डीन एकेडमिक्स प्रो. आर.के. राठो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं डीन रिसर्च प्रो. संजय जैन और मेडिकल सुपरिंटेंडैंट डॉ. अशोक कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में वरिष्ठ फैकल्टी सदस्यों और विभिन्न विभागों के डॉक्टरों ने भी भाग लिया।

### सु-डोकू-8264

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |
| 1 | | 6 | | 9 | 2 | | | |
| 4 | | | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | 3 | | | | | 5 | 1 |
| | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| 5 | 7 | | | | | 4 | | 9 |
| | 2 | | | | 7 | | | 6 |
| | | | 2 | 1 | | 9 | | 3 |
| | | | 6 | | 9 | | 7 | |

आड़े, खड़े व 3×3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।


सु-डोकू-8263 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |

### आज का राशिफल

**3 जून 2026, बुधवार**

द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण तिथि तृतीया (रात 9.22 तक) तथा तदोपरांत तिथि चतुर्थी। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति :-




**सूर्य** वृष में, **चन्द्रमा** धनु में, **मंगल** मेष में | **बुध** मिथुन में, **गुरु** कर्क में, **शुक्र** मिथुन में | **शनि** मीन में, **राहू** कुंभ में, **केतु** सिंह में

विक्रमी सम्वत् : 2083, ज्येष्ठ प्रविष्टे 20, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1948, दिनांक: 13 (ज्येष्ठ), हिजरी साल 1447, महीना जिल्हिज, तारीख 16, सूर्योदय: प्रात: 5.28 बजे, सूर्यास्त: सायं 7.24 बजे (जालंधर टाइम), नक्षत्र: पूर्वाषाढ़ा (3-4 मध्य रात एक बजे तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र उत्तराषाढ़ा, योग: शुभ (प्रात: 8.08 तक) तथा तदोपरांत योग शुक्ल, चंद्रमा: धनु राशि पर (पूरा दिन-रात), भद्रा रहेगी (प्रात: 8.12 से रात 9.22 तक)। दिशा शूल :उत्तर एवं वायव्य दिशा के लिए, राहूकाल: दोपहर बारह से डेढ़ बजे तक। पर्व, दिवस तथा त्यौहार: श्री गणेश चतुर्थी व्रत।

**पं. असुरारि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।**

**मेष** : यत्न करने पर आपकी प्लानिंग-प्रोग्रामिंग में कुछ न कुछ पेशकदमी होगी, मान-सम्मान की प्राप्ति, शुभ कामों में रुचि।

**वृष**: खान-पान परहेज के साथ करें, क्योंकि पूरा परहेज रखने के बावजूद पेट बिगड़ा-बिगड़ा सा रहेगा।

**मिथुन**: अर्थ तथा कारोबारी दशा अच्छी, जिस काम के लिए यत्न करेंगे, उसमें कुछ न कुछ कामयाबी जरूर मिलेगी।

**कर्क**: अशांत, परेशान तथा डिस्टर्ब मन के कारण आप किसी भी यत्न को आगे बढ़ाने की हिम्मत न रख सकेंगे।

फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
KundliTV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे | फेसबुक और यू ट्यूब पेज पर...

**सिंह** : आम सितारा मजबूत, जो आपको हर मोर्चे पर हावी, प्रभावी, विजयी रखेगा, मगर स्वभाव में क्रोध बना रहेगा।

**कन्या** : किसी जमीनी काम के लिए आपकी भागदौड़ अच्छा नतीजा देगी, बड़े लोग मेहरबान तथा हैल्पिंग रुख रखेंगे।

**तुला**: मजबूत सितारा आपको हिम्मती, उत्साही तथा कामकाजी तौर पर व्यस्त तथा एक्टिव रखेगा।

**वृश्चिक**: सितारा व्यापार-कारोबार में लाभ देने, अर्थ दशा कंफर्टेबल रखने वाला, इरादों में भी मजबूती।

**धनु** : व्यापार तथा कामकाजी दशा बेहतर, कोशिशों-इरादों में कामयाबी मिलेगी, मन सफर के लिए भी राजी रहेगा।

**मकर**: सितारा नुकसान देने तथा आपकी किसी पेमैंट को फंसाने वाला, कारोबारी टूरिंग भी बेकार रहेगी।

**कुंभ**: सितारा टीचिंग, कोचिंग, टूरिज्म, कंसल्टैंसी, मैडीसिन का काम करने वालों को लाभ देगा।

**मीन** : सरकारी, गैर-सरकारी कामों में कदम बढ़त की तरफ रहेगा, बड़े लोग आपकी बात, आपके पक्ष को ध्यान-धीरज के साथ सुनेंगे।

### सम्मान समारोह | 78 स्कूलों को जल्द मान्यता देने के लिए प्रशासन से किया आग्रह

# सालों का संघर्ष आया काम, चंडीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में 12 प्राइवेट स्कूलों को मिली मान्यता

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): सर्वहारा एजुकेशन वैल्फेयर एसोसिएशन चंडीगढ़ पिछले कई सालों से ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे स्कूलों की मान्यता के लिए संघर्ष कर रहा है। इसी कड़ी में शहर के विभिन्न गांवों में 12 स्कूलों को चंडीगढ़ शिक्षा विभाग की ओर से मान्यता मिल गई है, जबकि शहर के अन्य गांवो में चल रहे 78 स्कूलों को मान्यता जल्द मिलने की संभावना है।

सर्वहारा एजुकेशन वैल्फेयर एसोसिएशन चंडीगढ़ द्वारा सैक्टर-43 स्थित होटल वेस्टर्न कोर्ट में समाज सेवा, शिक्षा और जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पूर्व मेयर एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष अरुण सूद तथा नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्कूल संचालकों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सर्वहारा एजुकेशन वैल्फेयर एसोसिएशन के प्रधान दलजीत सिंह ने दोनों अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज और शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्व सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का धन्यवाद करते हुए कहा कि हाल ही में 12 स्कूलों को मान्यता प्रदान करना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि शेष लंबित स्कूलों की मान्यता प्रक्रिया को भी जल्द पूरा किया जाए ताकि विद्यार्थियों और स्कूल प्रबंधन को राहत मिल सके।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है



सर्वहारा एजुकेशन वैल्फेयर एसोसिएशन के सदस्य पूर्व मेयर को सम्मानित करते हुए। (परमजीत)

अरुण सूद ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और शिक्षा संस्थानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा 12 स्कूलों को मान्यता प्रदान की जा चुकी है, जो सकारात्मक पहल है। हालांकि अभी भी लगभग 78 स्कूलों की मान्यता संबंधी प्रक्रिया लंबित है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इन स्कूलों के मामलों का भी शीघ्र निपटारा कर उन्हें मान्यता प्रदान की जाए, ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता समाप्त हो सके। कुलभूषण शर्मा ने कहा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है तथा शिक्षा से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद और सहयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में पार्षद उमेश घई, भाजपा के महासचिव संजीव राणा और भाजपा के सीनियर नेता रामवीर भट्टी उपस्थित थे।

### निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): सैक्टर-36 स्थित मेहर चंद महाजन डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए निर्वाचन नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर डॉ. सूरज थापा थे। उन्होंने महत्वपूर्ण तिथियों एवं समय-सीमाओं, मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, स्व-गणना, प्रारूप मतदाता सूची संबंधी जागरूकता, वैधानिक प्रपत्रों तथा मतदाता विवरणों की जांच एवं डिजिटल प्लेटफॉर्मों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय पंचकुला, एससीओ-76, पहली और दूसरी मंजिल, सेक्टर-5, पंचकुला-134109
शुद्धिपत्र
संबंधित पक्ष(ओं) और आम जनता का ध्यान 25.11.2025 को प्रकाशित सेक्टर -26, पंचकुला में आवश्यक परिसर पर आकर्षित किया जाता है। प्रशासनिक कारणों से निविदा रद्द कर दी गई है।
अधिकृत अधिकारी, पंजाब और सिंध बैंक

# जनेतपुर के पास दो कारों की भिड़ंत, एक व्यक्ति गंभीर घायल, लगा रहा जाम

## दूसरी कार में सवार बाल-बाल बच गए, पुलिस ने संभाला मोर्चा

डेराबस्सी, 2 जून (अनिल): अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव जनेतपुर के पास दो कारों में टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम लग गया।

जानकारी के अनुसार अंबाला की ओर से आ रही एक हुंडई वैन्यू कार और मारुति ब्रेजा कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में वेन्यू कार चालक सतपाल निवासी गांव धर्मगढ़ (लालड़ू) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत उसे वाहन से बाहर निकाला तथा उपचार के लिए डेराबस्सी के सिविल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार घायल का इलाज जारी है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे से हटाते दप्पर टोल प्लाजा के कर्मचारी।

### हादसे के कारणों की जांच की जा रही

दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और हाईवे प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

दप्पर टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने भी यातायात बहाल करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कर्मचारियों ने क्रेन और अन्य संसाधनों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।


जीरकपुर-पटियाला हाईवे पर छत गांव के पास कंटेनर में अचानक आग लग गई।

# चलते कंटेनर में लगी आग, हाईवे पर लगा जाम

जीरकपुर, 2 जून (अश्वनी) : जीरकपुर-पटियाला हाईवे पर छत गांव के पास मंगलवार को एक कंटेनर में अचानक आग लग गई। आग लगने से हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित रहा। हालांकि चालक ने समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चलते कंटेनर से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक ने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोक दिया, लेकिन कुछ ही मिनटों में आग ने कैबिन को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

घटना के कारण व्यस्त जीरकपुर-पटियाला मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित रहा। मौके पर पहुंची एस.एस.एफ. और पुलिस टीम ने यातायात व्यवस्था संभाली तथा वाहनों को धीरे-धीरे निकालकर जाम खुलवाया। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया।

### जालंधर में ग्रेनेड हमले और उससे जुड़ी आतंकवादी साजिश का मामला

# केस में नामजद 6 आरोपियों के जारी किए ओपन डेटेड गैर-जमानती वारंट

### मामला 16 मार्च 2025 को थाना मकसूदां, जालंधर ग्रामीण में दर्ज एफ.आई.आर. से जुड़ा

मोहाली, 2 जून (संदीप) : एन.आई.ए. की विशेष अदालत ने जालंधर में हुए ग्रेनेड हमले और उससे जुड़ी आतंकवादी साजिश के केस में नामजद 6 आरोपियों के के खिलाफ ओपन डेटेड गैर जमानती वारंट (एन.बी.डब्ल्यू.) जारी करने के आदेश दिए हैं।



विशेष एन.आई.ए. अदालत मोहाली की ओर से दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए मोहम्मद जशीन अख्तर, भानू प्रताप, गौरव गिल, हरप्रीत सिंह, नवीन शर्मा अमनीत चहल के खिलाफ वारंट जारी करने का आदेश दिया।

### एन.आई.ए. अब इन वारंटों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई करेगी

मामला 16 मार्च 2025 को थाना मकसूदां, जालंधर ग्रामीण में दर्ज एफ.आई.आर. से जुड़ा है। शिकायतकर्ता नवदीप सिंह के घर की बालकनी में एक संदिग्ध वस्तु फैंकी गई थी, जो जांच में हैंड ग्रेनेड निकली। बाद में मामले में आतंकवाद, विस्फोटक पदार्थ और हथियारों से संबंधित विभिन्न धाराएं जोड़ी गईं तथा केंद्र सरकार के निर्देश पर जांच एन.आई.ए. को सौंप दी गई। एन.आई.ए. की जांच में पाकिस्तान निवासी इंटरनैट मीडिया इन्फ्लुएंसर शहजाद भट्टी को इस कथित साजिश का मास्टरमाइंड बताया गया है। एजैंसी के अनुसार उसने इंटरनैट मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से भारत में मौजूद सहयोगियों के साथ संपर्क बनाए रखा और हमले की योजना को अंजाम देने के निर्देश दिए। जांच में यह भी सामने आया कि फरार आरोपी मोहम्मद जशीन अख्तर सहित अन्य आरोपी इस नैटवर्क का हिस्सा थे और कथित तौर पर हमले की साजिश में शामिल रहे। एजैंसी ने अदालत को बताया कि सभी आरोपियों को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन वे अपने पते पर नहीं मिले। स्थानीय पुलिस और अन्य माध्यमों से की गई जांच में पता चला कि आरोपी भारत से बाहर रह रहे हैं और गिरफ्तारी से बच रहे हैं।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आरोपियों के स्वेच्छा से अदालत में पेश होने की संभावना नहीं है। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा आगे की कानूनी और अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रिया शुरू करने के लिए ओपन डेटेड गैर-जमानती वारंट जारी करना आवश्यक है। एन.आई.ए. अब इन वारंटों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई करेगी।

### मरणोंपरांत की आंखें दान

खरड़, 2 जून (गगनदीप) : रोटरी क्लब खरड़ पिछले कई वर्षों से रोटरी क्लब खरड़ "अंधेरे से उजाले की ओर" नाम से एक अभियान चला रहा है। इसी के तहत बीती शाम सतीश गुप्ता (56), पुत्र दीना नाथ गुप्ता, निवासी मुबारकपुर (डेरा बस्सी) की मौत के उपरांत आंखें दान करवाई गईं। आई डोनेशन मोटिवेटर (नेत्र दान प्रेरक) हरप्रीत सिंह रेखी ने बताया कि रोटरी क्लब को मोहन फाऊंडेशन की मैडम प्रीति गुप्ता ने सूचना दी कि सतीश गुप्ता का निधन हो गया है और उनका परिवार आंखें दान करवाना चाहता है।



इसके बाद, रोटरी क्लब ने पी.जी.आई. के नेत्र विभाग से संपर्क कर मुकेश वर्मा की टीम को बुलाया और उनके भाई कैलाश गुप्ता की सहमति लेने के बाद आंखें लेने की प्रक्रिया को पूरा किया गया। क्लब के अध्यक्ष हिम्मत सिंह और सचिव सुखविंदर सिंह लौगीयां ने परिवार के इस जज्बे को नमन किया है। रोटरी क्लब परिवारों को प्रेरित करके 94 लोगों की आंखें दान करवा चुका है।

### बिजनैसमैन को किडनैप किए जाने का मामला

# मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

### बचाव पक्ष ने दलील दी कि याचिकाकर्ता बेगुनाह है और उसे झूठे केस में फंसाया गया

मोहाली, 2 जून (संदीप) : जालंधर के बिजनैसमैन नीरज कक्कड़ को पैसों के लेन-देन के झगड़े में जीरकपुर के एक होटल से किडनैप करने के हाई-प्रोफाइल मामले में नामजद मुख्य साजिशकर्ता कमलवीर की नियमित जमानत याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है। अदालत में दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि याचिकाकर्ता बेगुनाह है और उसे झूठे केस में फंसाया गया है।



यह भी कहा कि उसका नाम शुरूआती एफ.आई.आर. में शामिल नहीं था और मौजूदा केस पहले दर्ज एक दूसरे केस के रिएक्शन के तौर पर बनाया गया है। दूसरी ओर, राज्य और पीड़ित नीरज कक्कड़ के वकील ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि उक्त आरोपी के खिलाफ गंभीर और साफ आरोप हैं। जांच के दौरान बरामद हुए पीड़ित ने अपने बयानों में आरोप लगाया कि पैसों के झगड़े को सुलझाने के लिए कमलवीर गर्ग और उसके साथियों ने उसे किडनैप किया था।

कोर्ट ने अपने आदेशों में कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और आरोपियों की भूमिका क्राइम में एक्टिव लग रही है। कई अहम गवाहों के बयान अभी दर्ज होने बाकी हैं। ऐसे हालात में, बेल देने से आरोपी के फरार होने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता को देखते हुए कमलवीर को रैगुलर बेल देने से मना कर दिया और उनकी अर्जी खारिज कर दी।

### डी.सी. ने बी.एल.ओ. को मैपिंग का काम तेज करने के निर्देश दिए

मोहाली, 2 जून (संदीप) : डिप्टी कमिश्नर-कम-डिस्ट्रिक्ट इलैक्शन ऑफिसर कोमल मित्तल ने विधानसभा हलकों 52-खरड़, 53 मोहाली और 112-डेराबस्सी के उन बूथ लैवल ऑफिसर (बी.एल.ओ.) के साथ मीटिंग की, जिनकी मैपिंग की प्रोग्रैस 25 प्रतिशत से कम है।

मीटिंग के दौरान, डिस्ट्रिक्ट इलैक्शन ऑफिसर ने बी.एल.ओ. को मैपिंग के काम में तेज़ी लाने के लिए मोटिवेट किया और कम से कम 30 प्रतिशत बढ़ौतरी पक्का करने का टारगेट रखा। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्राऊंड लेवल पर पूरी गंभीरता से काम करके वोटरों की जानकारी अपडेट की जाए।

उन्होंने बी.एल.ओ. को उन वोटरों की अलग लिस्ट बनाने के लिए भी कहा जिनकी मौत हो गई है, जो शिफ्ट हो गए हैं, एब्सेंट हैं या जिनके डबल वोट हैं। इसके साथ ही, 2003 की वोटर लिस्ट के आधार पर घर-घर जाकर डेटा इकट्ठा करने और रिकॉर्ड वैरिफाई करने के निर्देश दिए गए। डिस्ट्रिक्ट इलैक्शन ऑफिसर ने कहा कि अगर मैपिंग के दौरान किसी भी तरह की टैक्नीकल या फंक्शनल दिक्कत आती है, तो बी.एल.ओ. डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिस से ज़रूरी ट्रेनिंग और गाइडैंस ले सकते हैं। इलैक्शन प्रोसैस से जुड़ी ज़्यादा जानकारी या मदद के लिए टोल-फ्री नंबर 1950 पर भी कॉन्टैक्ट किया जा सकता है।

### कुराली शहरी सर्कल के प्रधान नियुक्त

कुराली 2 जून (बठला) : शिरोमणि अकाली दल की हलका खरड़ इकाई को मजबूत करते हुए विभिन्न सर्कलों के प्रधानों की नियुक्तियां की गई हैं। ये नियुक्तियां जिला प्रधान परमिंदर सिंह सोहाना द्वारा हलका इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा की सिफारिश पर की गई हैं।

अकाली दल के हलका खरड़ इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा ने बताया कि पार्षद प्रदीप कुमार रूढ़ा को कुराली शहरी सर्कल का प्रधान, जसविंदर सिंह सोहाली को कुराली देहाती सर्कल प्रधान, अवतार सिंह सलेमपुर को खिजराबाद सर्कल का प्रधान, सरबजीत सिंह चंदों को त्यूड़ सर्कल का प्रधान, अमरजीत सिंह कंसाला को माजरी सर्कल का प्रधान, संत सिंह मुंधों संगतियां को बड़ौदी सर्कल का प्रधान, राणा संदीप कुमार को झंजेड़ी सर्कल का प्रधान, गणेश कुमार को नवांगराओं शहरी सर्कल का प्रधान तथा बलविंदर सिंह पटवारी को खरड़ शहरी सर्कल का प्रधान नियुक्त किया गया है।

रविंदर सिंह खेड़ा ने पार्टी के नए सर्कल प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी को हलके में मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां पार्टी हाईकमान की सहमति से तथा संबंधित नेताओं द्वारा पार्टी के लिए किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए की गई हैं।

# भारत विकास परिषद ने नेत्रदान करने वाले परिवार किए सम्मानित


नीलम अरोड़ा की मरणोपरांत आंखें दान करने पर परिवार को सम्मानित करते हुए भारत विकास परिषद विवेकानंद डेराबस्सी के पदाधिकारी।

डेराबस्सी, 2 जून (अनिल): समाज सेवा और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद विवेकानंद डेराबस्सी द्वारा स्वर्गीय नीलम अरोड़ा के परिवार को नेत्रदान के प्रेरणादायक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित भोग सभा में परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने परिवार के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके इस महान निर्णय की सराहना की।

परिषद के जनरल सैक्रेटरी अश्वनी शर्मा ने बताया कि नेत्रदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। स्वर्गीय नीलम अरोड़ा के परिवार द्वारा लिया गया यह निर्णय अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। भारत विकास परिषद विवेकानंद डेराबस्सी समय-समय पर ऐसे सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहती है।

अश्वनी शर्मा ने बताया कि परिषद अपने पांच मूल सिद्धांतों सेवा, संस्कार, सहयोग, संपर्क और समर्पण पर कार्य करती है तथा समाज में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है। उन्होंने लोगों से भी नेत्रदान और अंगदान जैसे पुण्य कार्यों के प्रति जागरूक होने की अपील की।

इस अवसर पर परिषद के प्रधान नितिन जिंदल, जनरल सैक्रेटरी अश्वनी शर्मा, रीजनल कन्वीनर बरखा राम, उपेश बंसल, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश, पवन धीमान तथा शुभम जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने की रणनीतिक बैठक

डेराबस्सी, 2 जून (अनिल): कांग्रेस पार्टी के हलका इंचार्ज दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने मंगलवार को पंजाबी बाग, डेराबस्सी स्थित लैंड मॉर्गेज बैंक के पूर्व चेयरमैन एवं नगर काऊंसिल चुनाव में वार्ड नंबर-1 से चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह कंबोज के निवास स्थान पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान ढिल्लों ने एडवोकेट कंबोज का उत्साहवर्धन करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्र के राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के विभिन्न वार्डों से पहुंचे कार्यकर्ताओं के साथ एक विशेष बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित और विकास की राजनीति में विश्वास रखती है तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान आने वाले समय में पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले राजनीतिक अभियानों की रूपरेखा भी तैयार की गई। दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि डेराबस्सी हलके के विकास और क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। इस मौके पर कांग्रेस नेता अंकित जैन, कुलवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

# बलौंगी में हुई हत्या के मामले में 2 गिरफ्तार

खरड़, 2 जून (शशि): पुलिस ने 27 मई की रात चाकू से हमला कर अभिषेक कुमार नाम के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में, बलौंगी के आदर्श नगर के रहने वाले दो आरोपियों मुनीश कुमार और मुन्ना यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

खरड़ के डी.एस.पी. ईशान सिंगला और बलौंगी की एस.एच.ओ. पेरीविंकल ग्रेवाल ने बताया कि बलौंगी पुलिस ने मृतक के भाई दीपक कुमार की शिकायत पर मुनीश कुमार और मुन्ना यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 27 मई की रात करीब 10:30 बजे, वह अपने भाई और दो अन्य लोगों के साथ बलौंगी के आदर्श नगर निवासी मुनीश कुमार के घर गया था। वे यह पूछने गए थे कि कुछ दिन पहले मुनीश ने मृतक के दोस्त प्रशांत के पिता को गाली क्यों दी थी।


खरड़ के डी.एस.पी. ईशान सिंगला और बलौंगी के एस.एच.ओ. पेरीविंकल ग्रेवल मीडिया को संबोधित करते हुए।

इसी दौरान, उनके बीच कहा-सुनी हो गई। मुनीश कुमार ने चाकू जैसा एक हथियार निकाला और अभिषेक की गर्दन पर वार कर दिया। जब मृतक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अब दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

## सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में जन्मोत्सव मनाया


डेराबस्सी सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में बाबा बालक नाथ जी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम दौरान भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु।

डेराबस्सी, 2 जून (अनिल): गुलाबगढ़ रोड पर स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में मंगलवार को बाबा बालक नाथ जी का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह भारत विकास परिषद के सहयोग से सुखमणि डैंटल कॉलेज की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क डैंटल चैकअप कैंप लगाया गया। कैंप में बच्चों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने अपने दांतों की जांच करवाई तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। कैंप के दौरान लगभग 40 लोगों ने लाभ उठाया। मंदिर सेवा समिति के महासचिव संजीव थम्मन ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह 16वां मैडीकल चैकअप कैंप था। मंदिर ट्रस्ट धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक सेवा कार्यों में भी लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

### करियाना एसोसिएशन ने की मक्खू में करियाना स्टोर के मालिक की गोली मारकर हत्या करने की निंदा

खरड़, 2 जून (शशि): पंजाब प्रदेश रिटेल एंड होलसेल करियाना एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने गत दिवस फिरोजपुर जिले के मक्खू कस्बे में करियाना स्टोर के मालिक गुरचरण सिंह की गोली मारकर हत्या की कड़ी निंदा की है। पंजाब में दुकानदारों और खासकर करियाना दुकानदारों को निशाना बनाया जा रहा है। ऑनलाइन ट्रेडिंग के कारण दुकानदार पहले से ही बहुत बुरी हालत में हैं और दूसरी तरफ उन पर हो रहे हमलों ने उनकी हालत और खराब कर दी है।

दुकानदारों को दिनदिहाड़े निशाना बनाया जा रहा है और सरकार कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने मांग की कि पंजाब सरकार तुरंत व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने मांग की कि सरकार गुरचरण सिंह के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद दे। उन्होंने कहा कि पंजाब के सभी करियाना दुकानदार इस हत्या की निंदा करते हैं और मृतक परिवार के साथ खड़े हैं।

### आक्रोश | यूरिया और दूसरी खाद की सप्लाई पक्की करने और डीज़ल की बढ़ी कीमते वापस लेने की मांग की गई

# डी.सी. ऑफिस के सामने मांगों को लेकर प्रदर्शन

मोहाली 2 जून (नियामियां/संदीप) : यूनाइटेड किसान मोर्चा पंजाब के फैसले के मुताबिक, मोहाली जिले के किसान और मज़दूर डी.सी. ऑफिस के सामने इकट्ठा हुए और डी.सी. मोहाली को अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन लक्खोवाल के स्टेट प्रैजीडैंट हरिंदर सिंह लक्खोवाल और भारतीय किसान यूनियन राजेवाल के स्टेट सैक्रेटरी परमदीप सिंह बैदवान ने मांग की कि भाखड़ा ब्यास एडमिनिस्ट्रेटिव बोर्ड में पंजाब को परमानेंट रिप्रैजैंटेशन से वंचित करने वाला नोटिफिकेशन कैंसल किया जाए, ज़रूरत के हिसाब से यूरिया और डी.ए.पी. खाद दी जाए, और डीजल की बढ़ी कीमतें वापस ली जाएं। किसान नेताओं ने कहा कि रजिस्ट्रार और कोऑप्रेटिव सोसाइटीज ने 15 मई तक नई लिमिट लोन लागू करने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि नई लिमिट लोन का नोटिफिकेशन तुरंत लागू किया जाए। भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा के स्टेट प्रैस सैक्रेटरी अंग्रेज सिंह भदौड़ और भारतीय किसान यूनियन डकौंदा के जिला प्रैजीडैंट जगजीत सिंह जग्गी कराला ने केंद्र सरकार द्वारा फसलों के एम.एस.सी. में मामूली बढ़ौतरी को गलत बताया और मांग की कि एम.एस.पी. और सभी फसलों की खरीद की गारंटी के लिए कानून बनाया जाए और एस.एस.पी. स्वामीनाथन कमीशन के फॉर्मूले सी-2 20 प्रतिशत के हिसाब से तय की जाए।


उपायुक्त को मांग पत्र सौंपते हुए।

### किसान बुरी तरह कर्ज के बोझ तले दबे

बीकेयू राजेवाल के जिला प्रैजीडैंट किरपाल सिंह सिआऊ और बीकेयू लक्खोवाल के जिला प्रैजीडैंट दविंदर सिंह देह कलां ने कहा कि फसलों की खरीद की गारंटी के लिए कानून न होने की वजह से किसान बुरी तरह कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। इसलिए सभी किसानों और मजदूरों का कर्ज माफ किया जाना चाहिए और 58 साल की उम्र होने के बाद किसानों और मजदूरों को कम से कम 10,000 रुपये प्रति महीना दिया जाना चाहिए।डैमोक्रेटिक किसान सभा के राम कृष्ण धुनकिया और भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के हरजीत सिंह मलकपुर ने बीज बिल और बिजली संशोधन बिल का विरोध करते हुए भारत-अमरीका फ्री ट्रेड एग्रीमैंट से कृषि क्षेत्र को बाहर रखने की मांग जोरदार तरीके से उठाई। अमरीकी सरकार का डैलीगेशन तीन दिन के दौरे पर भारत में है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने भारत सरकार से कहा कि अगर देश के किसानों और मजदूरों के हितों के खिलाफ कोई समझौता किया गया तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने सेवा केंद्रों के कर्मचारियों की हड़ताल का पुरजोर समर्थन किया और कहा कि निकाले गए करीब 400 कर्मचारियों को तुरंत वापस रखा जाए, उन्हें परमानेंट किया जाए और दूसरी मांगें मानी जाएं।

## शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित



नयागांव, 2 जून (मुनीष जोशी): ट्राईसिटी चर्च एसोसिएशन की ओर से क्राइस्ट द किंग चर्च, दशमेश नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पी.जी.आई. की ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से लगाया गया था। रक्तदान शिविर में करीब 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉक्टर इमानुएल नाहर- पूर्व चेयरमैन माइनॉरिटी कमिश्न पंजाब ने किया। इस अवसर पर पास्टर जगदीश सिंह, पास्टर एलिशा मसीह, पास्टर जैकब भट्टी, अक्षय कश्यप, सिस्टर सुनीता राज, निशान, साहिल हंस, हनूक, अंजू और पास्टर अंकुर भी मौजूद थे।



प्रशासक गुलाब चंद कटारिया अस्पताल के दौरे के दौरान मरीजों से बातचीत करते हुए। (परमजीत)

# 'बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता'

## शहर की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, प्रशासक ने किया कई अस्पतालों का दौरा

चंडीगढ़, 2 जून (पाल): पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शहर की स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा ढांचे और पर्यावरण से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने जी.एम.सी.एच. सैक्टर-48, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सैक्टर-47, सिविल अस्पताल सैक्टर-45, मलोया स्थित सरकारी स्कूल और डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राऊंड का दौरा किया। जी.एम.सी.एच. सैक्टर-48 में प्रशासक ने अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

स्वास्थ्य सचिव मंदीप सिंह बराड़ ने उन्हें आयुष ओ.पी.डी.. होम्योपैथी सेवाओं और जल्द शुरू होने वाली पंचकर्मा सुविधा के बारे में जानकारी दी। प्रशासक ने कहा कि लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सरकारी अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। दौरे के दौरान उन्होंने फिजियोथैरेपी, टीकाकरण, डे-केयर, ऑन्कोलॉजी, योग, डेंटल और पीडियाट्रिक ओ.पी.डी. के अलावा रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेवाओं की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि हाल के समय में कई नई ओ.पी.डी. शुरू की गई हैं और लोगों को इनके बारे में जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके बाद प्रशासक ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सैक्टर-47 और सिविल अस्पताल सैक्टर-45 का दौरा किया। उनके साथ स्वास्थ्य सचिव मंदीप सिंह बराड़ और स्वास्थ्य सेवाओं की निदेशक डॉ. सुमन सिंह भी मौजूद रहीं। यहां उन्होंने फार्मेसी, आयुर्वेदिक फार्मेसी, होम्योपैथी ओ.पी.डी.. डेंटल ओ.पी.डी.. ए.एन.सी. ओ.पी.डी..



ए.एन.एम./आर.सी.एच. कक्ष, इमरजैंसी सेवाओं, ई.सी.जी. सुविधा और अन्य बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। प्रशासक ने अस्पतालों में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से भी बातचीत की तथा सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया।

### मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष जताया

अधिकारियों के अनुसार मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष जताया। बाद में प्रशासक मलोया स्थित सरकारी मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने समाधान शिविर के दौरान उठाए गए शिक्षा संबंधी मुद्दों की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी हाई स्कूल मलोया में 25 नए कमरों के निर्माण के लिए टैंडर को मंजूरी मिल चुकी है। इस दौरान शिक्षा सचिव प्रेरणा पुरी और स्कूल शिक्षा निदेशक नितिश सिंगला भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रशासक ने डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राऊंड का दौरा कर जुलाई में प्रस्तावित बड़े पौधारोपण अभियान की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त अमित कुमार को निर्देश दिए कि मानसून सीजन से पहले भूमि समतलीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि पौधारोपण अभियान सुचारू रूप से चलाया जा सके।

# ठेके के ताले तोड़कर नकदी और बीयर चोरी

चंडीगढ़, 2 जून (सुशील राज): मनीमाजरा स्थित शराब ठेके के दो युवकों ने ताले तोड़कर नकदी और बीयर की दो पेटियां चोरी कर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देते युवक सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हो गए। मालिक ने ताले टूटे और नकदी चोरी देख मामले की सूचना पुलिस को दी। मनीमाजरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच कर अज्ञात हमलावरों पर मामला दर्ज किया। चोर एक्टिवा पर सवार होकर आए थे। पुलिस सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। चोर एक्टिवा पर आए थे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मनीमाजरा में उसका शराब का ठेका है। रात करीब दो से अढ़ाई बजे के बीच दो युवक आए। दोनों लोहे की रॉड से ठेके के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। काऊंटर से नकदी और बीयर की पेटी उठाकर फरार हो गए।

# देर रात काम से घर लौट रहे व्यक्ति पर तेंदुए ने किया हमला, घायल

## घायल का चंडीगढ़ के सैक्टर-16 अस्पताल में चल रहा उपचार

न्यू चंडीगढ़, 2 जून (मुनीष जोशी): न्यू चंडीगढ़ के पास तेंदुए के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। न्यू चंडीगढ़ के पास गांव पड़छ में एक व्यक्ति पर तेंदुए ने हमला कर दिया। घायल को चंडीगढ़ के सैक्टर-16 अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सुनीता सूद ने बताया कि पति अशोक सूद काम खत्म कर ऑफिस से देर रात करीब 12 बजे लौट रहे थे। गांव पड़छ के पास तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में हाथ पर जख्म हो गया। सुनीता ने बताया कि रोड पर लाइट नहीं होने के कारण अंधेरा पसरा रहता है। रोड की दोनों तरफ कंटीली तार भी नहीं लगी है। प्रशासन से रोड पर लाइट और दोनों तरफ कंटीली तार लगाए जाने और पुलिस पैट्रोलिंग बढ़ाए जाने की मांग की है। वाइल्डलाइफ विभाग के रेंज ऑफिसर जगदीप सिंह टीम सहित मौके पर पहुंचे। पूरे एरिया में सर्च अभियान चलाया और तेंदुए के पंजों के निशानों की खोजबीन की। टीम आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।





घायल व्यक्ति और मौके पर पहुंची वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम।

### पंजाब और चंडीगढ़ की टीमें मिलकर कर रही जांच

वाइल्डलाइफ की टीम एरिया में जांच कर रही है। अभी कुछ साफ नहीं हो पाया है। अभी यह भी देखा जा रहा है यहां का कुछ एरिया चंडीगढ़ में आता है। चंडीगढ़ वाइल्डलाइफ विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर मामले की जांच की जा रही है।

**मोनिका यादव, डी.एफ.ओ. वाइल्डलाइफ विभाग मोहाली।**

# रिश्वत मामला: सी.बी.आई. ने भुल्लर की याचिका का किया विरोध, सैंक्शन ऑर्डर को बताया वैध

## अदालत ने बहस के लिए 4 जून की तिथि तय की



चंडीगढ़, 2 जून (सुशील राज): रिश्वत मामले में फंसे पंजाब पुलिस के निलंबित डी.आई.जी. हरचरण सिंह भुल्लर की अभियोजन स्वीकृति (प्रोसिक्यूशन सैंक्शन) को चुनौती देने वाली अर्जी पर सी.बी.आई. ने विशेष अदालत में जवाब दायर कर दिया। अदालत ने बहस के लिए 4 जून की तिथि तय की है।

सी.बी.आई. ने जवाब में कहा है कि आरोपी द्वारा दायर आवेदन निराधार, तथ्यों के विपरीत और कानूनी रूप से अस्थिर है, जिसे खारिज किया जाना चाहिए। एजैंसी के अनुसार अभियोजन स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 19(2) के तहत सभी तथ्यों और जांच सामग्री पर विचार करने के बाद विधिवत प्रदान की गई है। सी.बी.आई. ने बताया कि शिकायतकर्ता की लिखित शिकायत के आधार पर डी.आई.जी. भुल्लर और सह आरोपी कृष्णु शारदा के खिलाफ 16 अक्टूबर, 2025 को मामला दर्ज किया था। जांच पूरी होने के बाद 3 दिसम्बर, 2025 को चार्जशीट अदालत में पेश की गई।

एजैंसी ने यह भी बताया कि अदालत 13 मार्च को पहले ही मामले में संज्ञान ले चुकी है और उस समय वैध सैंक्शन आदेश रिकॉर्ड पर मौजूद था।

### पंजाब के मुख्य सचिव को दी थी जानकारी

सी.बी.आई. ने स्पष्ट किया कि आरोपी का दावा गलत है कि केवल पंजाब सरकार ही अभियोजन स्वीकृति देने की सक्षम प्राधिकारी थी। एजैंसी के अनुसार, चूंकि आरोपी भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं, इसलिए उन्हें सेवा से हटाने का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास है और इसी आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा स्वीकृति दी गई। जवाब में यह भी कहा कि पंजाब सरकार को प्रक्रिया से बाहर नहीं रखा गया था। 3 दिसम्बर, 2025 को सैंक्शन प्रस्ताव भेजते समय राज्य के मुख्य सचिव को भी जानकारी दी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया

सी.बी.आई. ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि सैंक्शन की वैधता से जुड़े मुद्दे ट्रायल के दौरान उठाए जा सकते हैं और इस स्तर पर याचिका दायर करना समय से पहले है। यह भी तर्क दिया कि भ्रष्टाचार के मामलों में रिश्वत लेना या मांगना कभी भी आधिकारिक कर्तव्य का हिस्सा नहीं माना जा सकता, इसलिए इस मामले में अतिरिक्त सुरक्षा का दावा भी लागू नहीं होता।

सी.बी.आई. ने अदालत से मांग की है कि आरोपी की अर्जी आरोप तय करने की प्रक्रिया को लंबित रखने और ट्रायल में देरी करने की कोशिश है, इसलिए इसे खारिज किया।

# रामदरबार कॉलोनी में जबरन पेड पार्किंग थोपने पर 4000 परिवारों में आक्रोश

## आंदोलन की चेतावनी

चंडीगढ़, 2 जून (रॉय): रामदरबार कॉलोनी में नगर निगम द्वारा एक खाली सरकारी जमीन को पेड पार्किंग घोषित कर दिए जाने से क्षेत्र के लगभग 4000 परिवारों में भारी रोष है। दशकों से इस जगह पर कॉलोनी वासी अपने दोपहिया-चारपहिया वाहन नि:शुल्क खड़े करते आ रहे थे।

नगर निगम द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना, बिना स्थानीय निवासियों से चर्चा किए और बिना वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था दिए यह एकतरफा निर्णय लिया गया है। चंडीगढ़ कांग्रेस वार्ड नंबर-19, रामदरबार की ब्लॉक अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह अपने समस्त साथियों और निवासियों के साथ मिलकर नगर निगम आयुक्त को चेतावनी दी है की पेड पार्किंग का यह आदेश 7 दिन के भीतर रद्द कर इस स्थान को पूर्ववत नि:शुल्क पार्किंग के लिए छोड़ा जाए।

अन्यथा 7 दिन बाद कॉलोनी के सभी 4000 परिवार सड़क पर उतरकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे। किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था बिगड़ने की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। निवासियों ने कहा "हम टैक्स देते हैं, पर पार्किंग के नाम पर नया बोझ नहीं सहेंगे।

इस मौके पर प्रदेश सचिव बिरेन्द्र रॉय, ओम पाल चौटाला, बदन सिंह, ईश्वर सिंह, रोहित चौटाला, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, संदीप कुमार, आनंद कुमार, साहिल कल्याण, काका कल्याण, अंकुश तिवारी के अलावा सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी पेड पार्किंग के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# 18 वर्ष बाद सारंगपुर स्थित ट्यूबवैल परिसर को अवैध कब्जे से कराया मुक्त

## अवैध कब्जों के प्रति जीरो टॉलरैंस नीति के अंतर्गत की कार्रवाई



निगम की टीम सामान को निकालती हुई।

चंडीगढ़, 2 जून (रॉय): नगर निगमायुक्त अमित कुमार ने अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए फ्री हैंड दे दिया है। आए दिन चंडीगढ़ में अवैध वैंडरों पर कार्रवाई हो रही है। बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। इसी क्रम में 10 दिनों के भीतर एक और नलकूप का भी कब्जा छुड़ा लिया है।

निगम द्वारा सार्वजनिक संपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के अभियान के तहत गांव सारंगपुर स्थित एक ट्यूबवैल परिसर को सफलतापूर्वक अवैध कब्जे से मुक्त कराकर निगम के कब्जे में लिया गया। निगम आयुक्त द्वारा अपनाई गई "अवैध कब्जों के प्रति "जीरो टॉलरैंस" नीति के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा व एस.डी.ओ. (पब्लिक हैल्थ) संजीव चौहान ने सारंगपुर में 18 वर्षों से बंद पड़े हुए ट्यूबवैल परिसर में धक्के से रह रहे ऑपरेटर को विधिवत बार-बार खाली करने का नोटिस दिया व मामले संबंधी शिकायत संबंधित पुलिस थाना में भी दर्ज करवाई गई थी, किंतु कोई प्रभावी परिणाम नहीं निकल पाया।

### कुंडी कनैक्शन था

कब्जा लेने गई टीम के सभी लोग अंदर का नजारा देख कर दंग रह गए। अंदर टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन से लेकर माइक्रोवेव तक बिजली से चलने वाला हर उपकरण मौजूद था, जिन्हें चलाने के लिए कुंडी कनैक्शन किया हुआ था। अन्य सामान भी इतना ज्यादा था कि खाली करने में सारा दिन ही लग गया। शाम को नलकूप पर सरकारी ताला लगा कर कब्जा ले लिया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त व्यक्ति पूर्व में ट्यूबवैल पर आऊटसोर्स आधार पर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि निगम की किसी भी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जी.एम.एस.एच.-16 के ब्लड बैंक में लगी आग

चंडीगढ़, 2 जून (पाल): गवर्नमेंट मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (जीएमएसएच-16) के ब्लड बैंक में मंगलवार सुबह आग लगने की एक घटना सामने आई। हालांकि कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता के चलते आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। अस्पताल प्रशासन के अनुसार आग लगने की जानकारी सबसे पहले ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को मिली। कर्मचारियों ने तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सूचित किया, जिसके बाद सुरक्षा टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को फैलने से पहले ही बुझा दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक (डीएचएस), मेडिकल सुपरिटेंडेंट, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट और ब्लड बैंक प्रभारी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

अधिकारियों ने तत्काल आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्देश दिए ताकि ब्लड बैंक की सेवाएं प्रभावित न हों। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह ब्लड बैंक परिसर में लगे एयर कंडीशनर यूनिट में शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। एहतियात के तौर पर प्रभावित हिस्से को सुरक्षित कर दिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। हैल्थ निदेशक डॉ सुमन सिंह ने बताया कि घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने या जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। ब्लड बैंक में रखे रक्त भंडार, मेडिकल उपकरण, रिकॉर्ड और अन्य जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर भी सुरक्षित हैं। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत तकनीकी जांच कराई जा रही है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों पर भी विचार किया जा रहा है।

# डी.एन.टी. फैडरेशन ने कांग्रेस नेतृत्व के सामने रखीं तीन मांगें

## आरक्षण, जमीन के स्थायी अधिकार और राजनीतिक भागीदारी को लेकर ए.आई.सी.सी. नेताओं से हुई चर्चा


चंडीगढ़, 2 जून (विनय): डी.एन.टी. फैडरेशन ऑफ इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ए.आई.सी.सी.) के नेताओं से मुलाकात कर डीनोटिफाइड, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू (डी.एन.टी.) समुदायों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए 3 प्रमुख मांगें भी रखीं।

लक्खा राम कालका के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ए.आई.सी.सी. के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम से मुलाकात कर पंजाब की राजनीति पर विस्तार से चर्चा की। डी.एन.टी. टास्क फोर्स के चेयरमैन के रूप में लक्खा राम लालका की नियुक्ति के लिए प्रतिनिधिमंडल ने उनका धन्यवाद किया। बैठक में डी.एन.टी. टास्क फोर्स के राष्ट्रीय प्रभारी एस.पी. लुबाणा और रविंद्र दलवी भी मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल में सुरिंद्र कुमार बिल्ला, सतपाल सिंह बनूड़, इंद्रजीत सिंह बमराह, पाला राम बठिंडा, भूषण कुमार, सीमा रानी, जीत राम रोपड़, मनवीर सिंह, मलकीत सिंह, खरैती लाल, महिंद्र सिंह बनूड़ और विपन कुमार फाजिल्का सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक के दौरान पंजाब में डी.एन.टी. फैडरेशन की प्रस्तावित राज्य इकाई के गठन को लेकर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने चेयरमैन, स्टेट चेयरमैन, जिला चेयरमैन, प्रभारी महासचिव और प्रभारी प्रैस एवं मीडिया सचिव जैसे पदों के लिए सिफारिशी पत्र ए.आई.सी.सी. नेताओं को सौंपे। फैडरेशन ने अपनी 3 प्रमुख मांगों में शिक्षा, सरकारी नौकरियों और कल्याणकारी योजनाओं में डी.एन.टी. समुदायों के लिए 10 प्रतिशत अलग आरक्षण, समुदाय के लोगों को स्थायी आवासीय भूमि अधिकार और 2027 में कांग्रेस की सरकार बनने की स्थिति में योग्य प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण सरकारी और राजनीतिक जिम्मेदारियों में प्राथमिकता देने की मांग रखी।

बैठक में मौजूद कांग्रेस नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इन मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और इन्हें पार्टी के आगामी चुनावी घोषणा-पत्र में शामिल करवाने का प्रयास किया जाएगा। डी.एन.टी. फैडरेशन ने उम्मीद जताई कि यह पहल समुदाय के व्यापक विकास और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# बंगा निवासी पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी धर्मपाल ने भाजपा प्रदेश प्रधान केवल सिंह ढिल्लों को किया सम्मानित



पूर्व वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी धर्मपाल नवनियुक्त प्रदेश भाजपा प्रधान केवल सिंह ढिल्लों के साथ, साथ हैं सीनियर भाजपा नेता अमन कुमार। (सुरेश)

फतेहगढ़ साहिब/खमाणों/बंगा, 2 जून (सुरेश): पंजाब सरकार में लंबे समय तक सेवाएं निभा चुके और चंडीगढ़ में राज्यपाल के पूर्व सलाहकार सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी धर्मपाल ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रधान केवल सिंह ढिल्लों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अमन कुमार और राजविंदर कौर भी उपस्थित थे।

बंगा, पंजाब के मूल निवासी धर्मपाल प्रशासनिक सेवा में अपने अनुभवपूर्ण और प्रभावशाली कार्यकाल के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने केवल सिंह ढिल्लों को प्रदेश प्रधान बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि केवल सिंह ढिल्लों के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी तथा जनसेवा के कार्यों में तेजी आएगी। धर्मपाल ने केवल सिंह ढिल्लों को बताया कि भाजपा देशहित और समाज सेवा की भावना से कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, विकास कार्यों और भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी के साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अब वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी के लिए कार्य करेंगे तथा समाज के हर वर्ग के हितों के लिए योगदान देंगे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रधान केवल सिंह ढिल्लों ने धर्मपाल का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में अनुभवी और ईमानदार व्यक्तित्वों का हमेशा सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि धर्मपाल जैसे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि धर्मपाल अपने अनुभव और कार्यशैली के बल पर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**आर.यू.बी.123-सी** | रायपुर कलां और हरमिलाप नगर रेलवे अंडरपास का भूमि अधिग्रहण पूरा

# प्रशासन ने भू-स्वामियों को दिए 4.96 करोड़, निर्माण का रास्ता साफ

चंडीगढ़, 2 जून (लल्लन यादव): रायपुर कलां व हरमिलाप नगर रेलवे अंडरपास (आर.यू.बी.123-सी) परियोजना के निर्माण में ऐतिहासिक और निर्णायक उपलब्धि हासिल हुई है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा लगभग 0.75 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है, जिसके तहत दो भू-स्वामियों के पक्ष में कुल 4 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि सौंप दी है।

इसके साथ ही वर्षों से लंबित इस परियोजना के निर्माण की सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है और निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं रेलवे की तरफ से आर.यू.बी. का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए जिस ठेकेदार को सौंपा गया है उसने जगह का निरीक्षण किया। ज्वाइंट एक्शन कमेटी फॉर वैल्फेयर ऑफ बलटाना रैजीडैंट्स के अध्यक्ष प्रताप सिंह राणा ने बताया कि उम्मीद है इसका कार्य 10 जून से पहले शुरू हो जाएगा, क्योंकि ठेकेदार की तरफ से वाटर प्वाइंट को तलाशा जा रहा है।



रेलवे फाटक पर ट्रेन क्रासिंग के दौरान रास्ता खुलने का इंतजार करते हुए लोग। (परमजीत)

### रेलवे अंडरपास बनाने के लिए यह बिंदू रहे मुख्य

- लगभग 0.75 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पूरा।
- भू-स्वामियों को 4.96 करोड़ का मुआवजा जारी।
- परियोजना की कुल संशोधित लागत 12,80,36,866 (लगभग 12.80 करोड़)।
- चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा अपनी वित्तीय हिस्सेदारी के तहत पहले 2 करोड़ तथा बाद में 4,40,18,433 की अतिरिक्त राशि जारी की गई।
- 20 मई 2026 को परियोजना का शिलान्यास संपन्न हो चुका है।

### वर्षों की प्रतीक्षा के बाद मिली अब प्रोजैक्ट को गति

इस परियोजना से बलटाना, हरमिलाप नगर, रायपुर कलां और आसपास के हजारों निवासियों की लंबे समय से प्रमुख मांग रही है। वर्ष 2021-22 में रेलवे द्वारा इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें रेलवे और चंडीगढ़ प्रशासन के बीच लागत साझेदारी 50-50 तय की गई थी।

हालांकि भूमि अधिग्रहण और वित्तीय प्रक्रियाओं में देरी के कारण परियोजना की लागत बढ़कर लगभग 12.80 करोड़ तक पहुंच गई। प्रशासनिक पत्राचार के अनुसार भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी थी, लेकिन अंतिम अवार्ड और वित्तीय औपचारिकताओं के लंबित रहने से कार्य में अपेक्षित गति नहीं आ रही थी लेकिन सोमवार को प्रशासन की तरफ से भू-स्वामियों को राशि देकर यह कार्य भी पूरा कर लिया।

# पीने के पानी से कोई परिवार वंचित नहीं रहना चाहिए : मेयर जोशी

## 22 गांवों में लाल डोरा से बाहर रहने वाले परिवारों को जल कनैक्शन देने की मांग

चंडीगढ़, 2 जून (रॉय): चंडीगढ़ के 22 पूर्ववर्ती गांवों की लाल डोरा/फिरनी सीमा से बाहर रहने वाले हजारों परिवारों को मूलभूत नागरिक सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से अस्थायी जल कनैक्शन प्रदान करने हेतु शीघ्र मंजूरी देने का आग्रह किया है।

प्रशासक को भेजे गए विस्तृत पत्र में मेयर ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है तथा किसी भी परिवार को इस बुनियादी सुविधा से वंचित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने बताया कि लाल डोरा सीमा से बाहर निवास कर रहे हजारों परिवार वर्षों से अधिकृत जल कनैक्शन न मिलने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य, स्वच्छता, दैनिक जीवन एवं जीवन स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मेयर जोशी ने अवगत कराया कि यह प्रस्ताव 25 मार्च, 2025 को आयोजित नगर निगम चंडीगढ़ की 347वीं जनरल हाऊस बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया था तथा बाद में इसे अनुमोदन हेतु चंडीगढ़ प्रशासन को भी भेजा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित जल कनैक्शन पूर्णतः अस्थायी प्रकृति के होंगे तथा इससे किसी प्रकार का स्वामित्व अधिकार, नियमितीकरण का दावा अथवा कोई कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

### पेयजल प्रत्येक नागरिक की मूलभूत आवश्यकता है

मेयर ने आगे कहा कि लाभार्थियों को निर्धारित जल, सीवरेज एवं रखरखाव शुल्क का भुगतान करना होगा तथा किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में नगर निगम को ऐसे कनैक्शन तत्काल प्रभाव से विच्छेदित करने का अधिकार होगा। यह सुनिश्चित होगा कि केवल लाल डोरा सीमा से बाहर रहने के कारण कोई भी परिवार स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सुविधा से वंचित न रहे। मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि पेयजल कोई विशेष सुविधा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की मूलभूत आवश्यकता है।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने की राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, दिए निर्देश

# सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद हानिकारक : सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी, सिगरेट पीते पकड़े गए तो देना होगा 200 रुपए का जुर्माना

### बच्चों को नशे से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

पंचकूला, 2 जून (मुकेश): अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने कहा कि शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति इस नियम का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत चालान सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें किसी भी बुरी लत से बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अतिरिक्त उपायुक्त बुधवार को जिला सचिवालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

निशा यादव ने कहा कि सिगरेट एवं तंबाकू उत्पादों का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके सेवन से शरीर में अनेक गंभीर और जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा), 2003 के तहत होटल, रेलवे स्टेशन, सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालय, बस स्टैंड, सिनेमा हॉल, स्कूल, कॉलेज तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। सिगरेट, बीड़ी या किसी अन्य माध्यम से धूम्रपान करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 200 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के चालान सुनिश्चित करें।

### शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू बिक्री पर सख्त निगरानी के निर्देश



*जिला सचिवालय में बैठक की अध्यक्षता करती हुईं अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव।*

### 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों पर रखें नजर

निशा यादव ने निर्देश दिए कि स्कूलों में विशेष रूप से 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों पर निगरानी रखी जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे किसी प्रकार की नशे की लत का शिकार न हों। उन्होंने कहा कि दोपहर के भोजन अवकाश तथा स्कूल की छुट्टी के समय विद्यालयों और उनके आसपास 100 मीटर की परिधि में रैंडम चैकिंग की जाए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई भी विक्रेता खाद्य पदार्थों की आड़ में नशीले पदार्थों की बिक्री न कर रहा हो। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण प्रदान करना है।

### बैनर, पोस्टर और पंपलेट के माध्यम से लोगों को करें जागरूक

निशा यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैनर, पोस्टर और पंपलेट के माध्यम से लोगों को धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए। इसके अलावा सभी सार्वजनिक कार्यालयों, संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर "यहां धूम्रपान करना निषेध है" संदेश वाले पोस्टर प्रमुखता से लगाए जाएं, ताकि लोगों में तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़े और उनका प्रभावी पालन सुनिश्चित हो सके।

बैठक में एसडीएम कालका संयम गर्ग, पंचकूला तहसीलदार सुरेश कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता नेहरा, जिला शिक्षा अधिकारी संध्या मलिक, डीसीओ प्रवीण कुमार, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ आजाद सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम के नए प्रावधानों के प्रति लोगों को किया जाए जागरूक : अतिरिक्त उपायुक्त

पंचकूला, 2 जून (मुकेश) : अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने बुधवार को जिला सचिवालय के में जन्म मृत्यु पंजीकरण के लिए गठित जिला स्तरीय समन्व्य समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलावासियों को जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम के नए प्रावधानों से जागरूक किया जाए। जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम के तहत शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला, ड्राइविंग लाइसैंस और वोटर लिस्ट बनाने, विवाह पंजीकरण, पासपोर्ट और आधार कार्ड बनाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। इसके अलावा मृत्यु के ऐसे मामले जिनमें पुलिस कार्रवाई जारी है, संबंधित पुलिस स्टेशन के आई.ओ. को नजदीकी रजिस्ट्रेशन सैंटर को मृत्यु की जानकारी देना अनिवार्य है।

### जिले में कुल 15 जन्म और मृत्यु पंजीकरण केंद्र संचालित

जिले में कुल 15 जन्म और मृत्यु पंजीकरण केंद्र संचालित हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ अन्य संबंधित विभागों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए कि वे जन्म और मृत्यु पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि वे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में नोटिस बोर्ड के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए कि स्कूल में दाखिला लेने के लिए जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक है।

बैठक में एस.डी.एम. कालका संयम गर्ग, पंचकूला तहसीलदार सुरेश कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता नेहरा, जिला शिक्षा अधिकारी संध्या मलिक, डी.सी.ओ. प्रवीण कुमार, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आजाद सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कमिश्नर ने ट्रैफिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए लिया अहम फैसला

# अब ट्रैफिक विंग से सभी एस.पी.ओ. और होमगार्ड्स का होगा तबादला

### हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ व अन्य राज्यों से आने वाले वाहन चालकों की शिकायतों पर लिया सख्त एक्शन

पंचकूला, 2 जून (मुकेश) : पंचकूला में यातायात व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी बनाने की दिशा में पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने महत्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय लिया है।

आम नागरिकों तथा अन्य राज्यों से आने वाले वाहन चालकों द्वारा प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर ने ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव लागू करने के निर्देश जारी किए हैं।

पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने बताया कि पंचकूला से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन चालक हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली तथा चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आवागमन करते हैं। पिछले कुछ समय के दौरान यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर विभिन्न स्तरों पर शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर समीक्षा करने के बाद निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात सभी एस.पी.ओ. तथा होमगार्ड जवानों का ट्रैफिक विंग से तबादला कर उन्हें अन्य स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

इसके अलावा पुलिस कमिश्नर ने यातायात पुलिस को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सड़क सुरक्षा से सीधे जुड़े गंभीर यातायात उल्लंघनों पर ही प्राथमिकता




के आधार पर कार्रवाई की जाए। अब मुख्य रूप से ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग तथा वाहनों पर अवैध ब्लैक फिल्म लगाने जैसे मामलों में चालान किए जाएंगे।

**नुचित व्यवहार, अभद्रता, अनुचित लाभ लेने का प्रयास अथवा रिश्वत की मांगने की स्थिति में पुलिस हैल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत**

पुलिस कमिश्नर ने इस कदम का उद्देश्य आम वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी से बचाना तथा सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। पुलिस कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया है कि वाहनों की जांच के दौरान किसी भी पुलिस कर्मचारी द्वारा वाहन चालकों के साथ अनुचित व्यवहार, अभद्रता, अनुचित लाभ लेने का प्रयास अथवा रिश्वत की मांग किए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति तुरंत पुलिस हैल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है। ऐसी शिकायतों पर तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अब थानों के चक्कर खत्म

# पुलिस खुद घर पहुंच कर करेगी सत्यापन

### पुलिस कमिश्नर ने पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए लागू की नई व्यवस्था

पंचकूला, 2 जून (मुकेश) : आम लोगों को पुलिस सेवाएं अधिक सरल, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बनाने की दिशा में पंचकूला पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन के निर्देशों पर अब चरित्र प्रमाण पत्र, पासपोर्ट सत्यापन, किरायेदार सत्यापन सहित अन्य सभी प्रकार के पुलिस सत्यापन कार्यों के लिए नागरिकों को थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नई व्यवस्था के तहत पुलिस स्वयं आवेदक के घर पहुंचकर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेगी, जिससे लोगों का समय बचेगा और परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस नई व्यवस्था के अनुसार नागरिकों द्वारा हर समय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद संबंधित आवेदन ऑनलाइन माध्यम से संबंधित थाना क्षेत्र में भेजा जाएगा।

इसके उपरांत थाना प्रभारी द्वारा पुलिसकर्मी को आवेदक के पते पर भेजा जाएगा, जो मौके पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों और तथ्यों का सत्यापन करेगा। सत्यापन से पूर्व आवेदक से फोन के माध्यम से संपर्क कर उसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि प्रक्रिया बिना किसी देरी और असुविधा के पूर्ण हो सके।

### हर आवेदक से लिया जाएगा फीडबैक

पुलिस कमिश्नर ने इस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक अतिरिक्त निगरानी तंत्र भी लागू किया है। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आवेदक से फोन पर फीडबैक लिया जाएगा। इस दौरान यह जानकारी प्राप्त की जाएगी कि सत्यापन करने पहुंचे पुलिसकर्मी का व्यवहार कैसा रहा, क्या किसी प्रकार की रिश्वत या अनुचित लाभ की मांग की गई, तथा क्या आवेदक पूरी प्रक्रिया से संतुष्ट है। प्राप्त फीडबैक की नियमित समीक्षा स्वयं पुलिस कमिश्नर कार्यालय द्वारा की जाएगी और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट मांगी जाएगी।

### शिकायतों एवं सुझावों के लिए मोबाइल नंबर जारी

नागरिकों की शिकायतों एवं सुझावों के लिए पुलिस उपायुक्त कार्यालय द्वारा मोबाइल नंबर 9115777026 जारी किया गया है। यदि किसी को सत्यापन प्रक्रिया के दौरान परेशानी, देरी, अनुचित व्यवहार या भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत हो तो वह इस नंबर पर सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### भाजपा के राष्ट्रीय संगठक से रंजीता मेहता ने की शिष्टाचार भेंट


*भाजपा के राष्ट्रीय संगठक नागेंद्र नाथ त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट करती रंजीता मेहता।*

पंचकूला, 2 जून (मुकेश) : भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता रंजीता मेहता ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय संगठक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) नागेंद्र नाथ त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दीं। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा पार्टी के विस्तार एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

रंजीता मेहता ने कहा कि त्रिपाठी का संगठन के प्रति समर्पण, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता एवं उनका सरल एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व एवं अनुभव का लाभ पार्टी संगठन को मिलेगा तथा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और समन्वय को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। रंजीता मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित एवं संगठनहित को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रहा है और वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा है।

## टिप्पर ने कार को मारी टक्कर, 2 घायल, लगा जाम


पिंजौर (तरसेम):जीरकपुर शिमला राष्ट्रीय मार्ग नम्बर 5 पर स्थित टोल प्लाजा के पास एक टिप्पर ने कार को टक्कर मार दी, जिस कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं हादसे के बाद जाम लग गया। जानकारी अनुसार कार में सवार दो लोग घायल भी हो गए, जिन्हें पंचकूला के अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

## प्रशासन के आदेश : एच.एस.वी.पी. 10 जुलाई तक चलाएगा 'अतिक्रमण हटाओ अभियान'

पंचकूला, 2 जून (मुकेश) : पंचकूला में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों और अतिक्रमणों को हटाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिला मैजिस्ट्रेट पंचकूला द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 1 जून 2026 से 10 जुलाई 2026 तक विभिन्न सैक्टरों में चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेश में बताया गया है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की भूमि पर अवैध रूप से किए गए निर्माणों और कब्जों को हटाने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 50 पुलिसर्मी रहेंगे तैनात



अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। अभियान के तहत सैक्टर-2, 4, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 12ए, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 27, 28, 31 तथा एम.डी.सी. क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने पुलिस विभाग को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 50 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी, जिनमें महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी शामिल होंगे। इस संबंधित थाना प्रभारियों को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### खुद अवैध कब्जा हटाने की प्रशासन की अपील

इसके अलावा उपमंडल मैजिस्ट्रेट (एस.डी.एम.) पंचकूला एवं कालका को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की निगरानी और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कार्रवाई से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित भूमि पर किसी न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकरण द्वारा कोई स्थगन आदेश लागू न हो। जिला प्रशासन ने लोगों से सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण स्वयं हटाने की अपील की है, ताकि प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके।

### 'योग व जागरूकता से बचाई जा सकती हैं अनमोल जिंदगियां'

रायपुररानी, 2 जून (रामेन्द्र) : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुररानी में जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को योग के महत्व के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं, हार्ट अटैक एवं कार्डियक अरेस्ट जैसी गंभीर स्थितियों में बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। शिविर में फार्मासिस्ट दिनेश परमार ने योग सहायक बलवीर सिंह के सहयोग से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं और हृदय संबंधी समस्याएं आकस्मिक मृत्यु के प्रमुख कारण बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि समय पर सही जानकारी, प्राथमिक उपचार तथा उचित सहायता उपलब्ध होने से अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है।

दिनेश परमार ने कहा कि जागरूकता ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी जानकारियां प्राप्त करने और आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का आह्वान किया। इस दौरान लोगों को नियमित योग करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार की जानकारी अवश्य होनी चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाने में मदद की जा सके। ऐसे जागरूकता अभियानों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### निर्माण मजदूरों ने की बैठक : मजदूरों के हकों पर हमला बर्दश्त नहीं

# श्रम मंत्री और सरकार का 14 जून को पुतला जलाएंगे निर्माण मजदूर


*मोरनी ब्लॉक के निर्माण मजदूर मीटिंग में भाग लेते हुए।*

मोरनी, 2 जून (अनिल) : मोरनी ब्लॉक के निर्माण मजदूरों की मीटिंग पवन कुमार की अध्यक्षता में किला घाट मोरनी में हुई। जिला सचिव लच्छी राम शर्मा ने कहा कि मजदूरों की जांच की बजाए मंत्री को अपने अधिकारियों की जांच करनी चाहिए। पंजीकृत मजदूरों के लाभ रोकना गैर कानूनी है।

उक्त बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य व जिला सचिव पंचकूला लच्छी राम शर्मा ने कहा कि निर्माण मजदूरों के पोर्टल को बन्द करना गैर-संवैधानिक है। उन्होंने कहा कि आज राज्य के श्रम मंत्री मजदूरों का लाभ रोके हुए है तथा मजदूरों को फर्जी बता रहा है जो कि गैर-कानूनी तरीका है। मजदूरों को फर्जी कहना उनका अपमान है और ये अपमान मजदूर सहन नहीं करेगा।

मजदूर नेताओं ने कहा कि सरकार तो मजदूरों की जांच की बजाए अपनी सरकार व अधिकारियों की करनी चाहिए, या उस निर्णय की करनी चाहिए जिसके तहत पंचायत सचिवों व पटवारियों को वैरिफिकेशन का अधिकार दिया गया। वर्क स्लिप के नाम पर मजदूरों की लूट हुई। मजदूरों ने आन्दोलन किया लेकिन किसी भी मजदूर का पक्ष नहीं सुना और फरमान जारी कर दिया।

ध्यान रहे कि पहले यूनियनों को वेरिफिकेशन का अधिकार था, मजदूर आसानी से लाभ प्राप्त कर लेता था। मजदूर नेताओं ने चेतावनी दी है कि मजदूरों के हकों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मीटिंग में 14 जून को सरकार और श्रम मंत्री का पुतला जलाने का निर्णया भी लिया गया। वहीं बैठक के दौरान सरकार से यह मांग की गई की कि निर्माण मजदूरों की बन्द साइट को तुरंत खोला जाए और निर्माण मजदूरों के पैंडिंग फार्मों का भुगतान शीघ्र किया जाए। इस मौके पर तुलसी राम, इन्दर सिंह, पवन हरसों, बीरबल, तारा चंद, खेम राज आदि मौजूद थे। इस विषय को लेकर मोरनी में मुख्यमंत्री से भी मिला जाएगा।

### मोरनी में मुख्यमंत्री के आगमन पर 26 पंचायतों की जनता में जगी आस

# स्वास्थ्य केन्द्र को नियमों में छूट देकर किया जाए अपग्रेड, मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे मांग

### सड़क सुविधा के अभाव में मरीजों व गर्भवती महिलाओं को जंगली रास्तों से लाना पड़ता है सड़क पर, मरीजों को 60 किलोमीटर का लम्बा सफर तय कर पहुंचे हैं पंचकूला अस्पताल

मोरनी, 2 जून (अनिल) : मोरनी खड की 26 पंचायतों के सैंकड़ों लोगों की पिछले लम्बे समय से आ रही समस्या का आज तक समाधान नहीं हुआ जिस कारण मरीजों को करीब 50 से 60 किलोमीटर का लम्बा सफर तय कर पंचकूला जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने अब मुख्यमंत्री के मोरनी आगमन को लेकर आस लगाई जा रही है कि मोरनी के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र को नियमों में छूट देकर अपग्रेड किया जाए ताकि मरीजों को पंचकूला न जाना पड़े मोरनी खंड के अधिकतर गांव आज भी सड़क सुवाधा से बंचित है और मरीजों तथा गर्भवती महिलाओं को चारपाइयों पर उठा कर पक्की सड़क तक लाना पड़ता है। उसके बाद मोरनी स्वास्थ्य केन्द्र से पंचकूला रैफर कर दिया जाता है, जिस कारण मरीजों के साथ साथ जज्चा-बच्चा को भी खतरा बना रहता है।

### काफी वक्त से मांग उठा रहे ग्रामीण

ग्रामीणों द्वारा यह मांग पिछले काफी लम्बे समय से उठाई जा रही है मगर सरकार द्वारा आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। मोरनी खंड के स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में हिमाचल की सीमा से सटे ग्रामीण हिमाचल प्रदेश के अस्पतालों में इलाज करवाने जाना पड़ रहा है। मोरनी खंड के कई गांव मोरनी से करीब 40 से 45 किलोमीटर भी दूर हैं। उसके बाद मोरनी से पंचकूला करीब 35 किलो मीटर दूर पड़ता है जिस कारण मरीजों तथा गर्भवती महिलाओं को काफी दिक्कतें आती हैं। सरकार द्वारा मरीजों की इस समस्या का समाधान आज तक नहीं किया जा रहा है। एक साल पहले भी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने मोरनी का दौरा किया था, जहां इस समस्या को कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा के माध्यम से उठाया गया था। ग्रामीणों व मोरनी खड के पंचायत प्रतिनिनियों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से मांग कि है मोरनी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र मोरनी को नियमों में छूट देकर अपग्रेड किया जाए ताकि जनता को पंचकूला ना जाना पड़े।

### कालका की बदहाल सड़कों को लेकर सरपंच एसो. ने उठाई आवाज

कालका, 2 जून (रावत) : कालका शहर की बदहाल एवं जर्जर सड़कों को लेकर सरपंच एसोसिएशन जिला पंचकूला ने प्रशासन के समक्ष गंभीर चिंता व्यक्त की है। एसोसिएशन के जिला प्रधान करण सिंह ने उपायुक्त पंचकूला को ज्ञापन सौंपकर गांधी चौक से आर्मी एरिया रेलवे गेट तथा एक्सिस बैंक कमला नगर से टीपरा बाईपास तक की मुख्य सड़कों की खस्ता हालत का मुद्दा जिला कष्ट निवारण समिति की आगामी बैठक में उठाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त सड़कें लंबे समय से टूटी हुई हैं तथा जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बरसात के मौसम में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। करण सिंह ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने, दुर्घटनाओं, ट्रैफिक जाम तथा वाहनों को नुक्सान पहुंचने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन सड़कों का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से जनहित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# प्रेमपुरा मुख्य मार्ग की खस्ता हालत की शिकायत पर विजीलैंस ने की जांच

### गांववासियों ने घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का लगाया था आरोप

पिंजौर, 2 जून (तरसेम):कालका विधायक शक्तिरानी शर्मा के आदेशों अनुसार उपमंडल कालका के गांव प्रेमपुरा की मुख्य सडक़ का विजीलैंस ने निरीक्षण किया। गांव निवासियों ने शिकायत की थी कि पी.डब्ल्यू.डी. विभाग की बनाई जा रही सड़क के निर्माण में घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया गया हैं और सडक़ के किनारे लगा डंगा कुछ माह में ही ढह गया था। इस कारण वहां से गुजरने वाले सभी लोगों की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो रही थी और लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था।

समस्या का संज्ञान लेते हुए विधायक के निदशा निर्देश अनुसार पी.डब्ल्यू.डी. के उच्च अधिकारी और विजीलैंस की टीम द्वारा सड़क का कई जगह से निरीक्षण किया गया। जहां गांव निवासी भी मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर कालका से भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंगा और जिला महामंत्री भवनजीत सिंह भी उपस्थित रहे।


*विजीलैंस की टीम सड़क का निरीक्षण करते हुए।*

### सड़क में इस्तेमाल सामग्री के नमूने जांच के लिए भेजे

विजीलैंस के अधिकारियों ने बताया कि सड़क का कई जगह से निरीक्षण किया गया और सड़क में इस्तेमाल सामग्री के नमूने एकत्रित करके जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता हैं। वही मौके पर मौजूद सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार का कहना हैं कि जिस डंगे की शिकायत की जा रही है। वह तो उनके काम में ही नहीं हैं। उन्हें कुछ लोग बेवजह परेशान कर रहे हैं। इस मौके पर स्टेट विजीलैंस अधिकारी जय सिंह, अष्ण कुमार सिहमार, भाजपा जिला महामंत्री भवनजीत सिंह सूदन, कालका मंडल अध्यक्ष भाजपा हरीश मंगा, ठेकेदार अरविंद जाखड़, पी.डब्ल्यू. डी. के दिगविजय, प्रेमपुरा निवासी सतनाम सिंह तथा कई लोग मौके पर मौजूद रहे।



Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds
₹2,990
₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch
₹4,999
₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB
₹59,900
₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹25,800
realme
Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999
₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
ASUS
Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
90% OFF
YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL
Office Chair Ergonomic
₹14,999
₹1,499
92% OFF
YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG
980 500GB NVMe SSD
₹6,999
91% OFF
YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999
₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer Series 3000
₹1,995
₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999
₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999
91% OFF
YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS
Study Headphones with Mic
₹1,499
₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE
Laptop Table Foldable
₹1,299
₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999
₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# भारत और अफगानिस्तान टीम ने किया अभ्यास



(फोटो : कुर्ल, मोहित)

## न्यू चंडीगढ़ में ऐतिहासिक टैस्ट मैच की तैयारियां तेज



## कोच गौतम गंभीर ने भी प्लेयर्स के साथ काफी समय बिताया



(फोटो : राणा)



चंडीगढ़ (लल्लन): भारत और अफगानिस्तान के बीच 6 जून से खेले जाने वाले एकमात्र टैस्ट मैच से पहले दोनों टीमों ने न्यू चंडीगढ़ स्थित न्यू पी.सी.ए. क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास शुरू कर दिया है। भारतीय टीम के खिलाड़ी मंगलवार को स्टेडियम पहुंचे और नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। कप्तान शुभमन गिल नहीं दिखे, लेकिन वाइस कैप्टन के.एल. राहुल समेत सीनियर प्लेयर कुलदीप यादव, रिषभ पंत आदि जरूर टीम के साथ थे। कोच गौतम गंभीर ने भी प्लेयर्स के साथ काफी समय बिताया और मॉर्ने मॉर्कल गेंदबाजों के साथ काफी देर तक काम करते रहे।

### दोनों टीमों के लिए ताकत परखने का बेहतरीन अवसर

अफगानिस्तान की टीम भी पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरी। खिलाड़ियों ने भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने के लिए लंबा अभ्यास किया। अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों के खिलाफ तैयारी की, जबकि गेंदबाजों ने लाइन और लेंथ पर विशेष फोकस किया। टीम इस ऐतिहासिक मुकाबले में अपना बेस्ट देने उतरेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच यह सिर्फ दूसरा टैस्ट मुकाबला होगा। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि यह मैच दोनों टीमों के लिए अपनी ताकत परखने का बेहतरीन अवसर साबित होगा।

## न्यूज • ब्रीफ

### समर कैरम कोचिंग कैंप 15 जून से

चंडीगढ़, 2 जून (लल्लन): चंडीगढ़ कैरम एसोसिएशन 15 से 26 जून तक सेंट स्टीफंस स्कूल-45 में 12 दिनों का समर कैरम कोचिंग कैंप आयोजित करेगी। कैंप में ट्रेनी को कैरम खेलने की अलग-अलग टैक्नीक सिखाई जाएंगी, जिसमें बोर्ड पर लगाए जाने वाले अलग-अलग टैक्निकल शॉट, बैठने की पोजीशन, फाऊल और टैक्निकल फाऊंट के बीच का अंतर और प्लानिंग अन्य शामिल हैं। इसके अलावा, उन्हें नैशनल और इंटरनेशनल लेवल पर माने जाने वाले कैरम के नियम भी सिखाए जाएंगे। कैंप में भाग लेने वाले खिलाड़ी 10 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

### शिक्षकों ने रामकृष्ण आश्रम में प्रेरणादायक कार्यशाला में लिया भाग

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): सी.बी.एस.ई. कक्षा दसवीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना हेतु सैक्टर-14 स्थित अंकुर स्कूल द्वारा रामकृष्ण आश्रम सैक्टर-15 में शिक्षक सराहना एवं संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी भितिहरानंद ने शिक्षकों को मूल्यपरक शिक्षा, चरित्र निर्माण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के महत्व पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला में पंजाब विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की प्रोफेसर डॉ. नंदिता शुक्ला ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### बिजली का करंट लगने से भैंस की मौत

मोरनी, 2 जून (अनिल) : भोज राजपूरा के गांव मोहलीवाला में सुबह बिजली के पोल में करंट आने के चलते किसान कृष्ण लाल की भैंस की मौत हो गई। इसे लेकर ग्रामीणों में विभाग के प्रति कड़ा रोष पनप रहा है। जानकारी के मुताबिक जिस रास्ते पर बिजली का पोल लगा है, वहां से हर रोज स्कूली बच्चे व आम जनता का आना-जाना है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी बिजली पोल के आसपास छोटे बच्चे भी खेलते रहते हैं जिन्हे कभी भर कंरट लग सकता है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि बिजली के पोल को ठीक करवाया जाए ताकि किसी प्रकार का जानी नुक्सान न हो और कृष्णा लाल को सरकार और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# खेमका प्रकरण : मैजिस्ट्रेट पारित नहीं करेंगे आदेश, जिला एवं सत्र न्यायालय ने लगाई रोक

### आई.ए.एस. अशोक खेमका और संजीव वर्मा के बीच विवाद केस ट्रांसफर करने की मांग


चंडीगढ़, 2 जून (गम्भीर): अशोक खेमका, आई.ए.एस. और उनके खिलाफ दर्ज एफ.आई.आर. से जुड़े मामलों में जिला एवं सत्र न्यायालय, पंचकूला ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी करते हुए मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट (सी.जे.एम.) पंचकूला को फिलहाल कोई भी आदेश पारित करने से रोक दिया है। यह आदेश 1 जून 2026 को पारित किया गया। यह कार्रवाई अधिवक्ता रविंद्र कुमार द्वारा दायर ट्रांसफर याचिका पर की गई, जिसमें उन्होंने 26 अप्रैल 2022 को दर्ज एफ.आई.आर. नंबर 170 और 171 से संबंधित 2 मामलों को सी.जे.एम. कोर्ट से स्थानांतरित करने की मांग की है।

याचिका के अनुसार, हरियाणा स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन (एच.एस.डब्ल्यू.सी.) के तत्कालीन प्रबंध निदेशक संजीव वर्मा ने अशोक खेमका के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाई थी। आरोप था कि खेमका ने वर्ष 2014 में एम.डी. रहते हुए मैनेजर ग्रेड के पदों पर कई नियुक्तियों में अनियमितताएं की थीं। बताया गया है कि यह कार्रवाई हरियाणा लोकायुक्त के 24 जनवरी 2022 के आदेशों के अनुपालन में की गई तथ्य-खोज जांच के आधार पर हुई थी।

दूसरी ओर, अशोक खेमका ने भी उसी दिन संजीव वर्मा और अधिवक्ता रविंद्र कुमार के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाई थी, जिसमें बाद में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराएं भी जोड़ी गई थीं। हालांकि राज्य सरकार ने धारा 17ए के तहत अभियोजन स्वीकृति देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद दोनों एफ.आई.आर. में पुलिस ने अनट्रेस्ड/कैंसिलेशन रिपोर्ट (यू.सी.आर.एस.) सी.जे.एम. कोर्ट में दाखिल कर दी थी।

रविंद्र कुमार की याचिका में कहा है कि उन्होंने पहले भी सी.जे.एम. कोर्ट में एक आवेदन दायर किया था, जिस पर राज्य सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद कोर्ट ने राज्य पक्ष के साक्ष्य बंद कर दिए थे और मामले को 30 मई 2026 को सुनवाई के लिए तय किया था। इस दौरान रविंद्र कुमार और अशोक खेमका दोनों ने मामले में अपनी-अपनी आपत्तियां दर्ज करवाईं। खेमका ने एफ.आई.आर. नंबर 171 में डिस्चार्ज की मांग करते हुए 2 आवेदन भी दायर किए, जबकि रविंद्र कुमार ने आगे जांच की मांग उठाई।

### अधिकार क्षेत्र पर उठा सवाल



रविंद्र कुमार ने सत्र न्यायालय में दायर याचिका में तर्क दिया है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों में सुनवाई का अधिकार केवल विशेष न्यायाधीश (स्पैशल जज) को है, न कि मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट को। इसलिए सी.जे.एम. कोर्ट इस मामले में कोई आदेश पारित नहीं कर सकती। मामले में उठे अधिकार क्षेत्र (ज्यूरिस्डिक्शन) के इस महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न पर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सुनवाई 4 जून 2026 के लिए निर्धारित की है। साथ ही सी.जे.एम. कोर्ट को निर्देश दिया है कि वह उक्त मामलों में अगली तारीख 4 जून के बाद ही निर्धारित करे और तब तक कोई अंतिम आदेश पारित न करे।

### अधिकार क्षेत्र के प्रश्न पर 4 जून को होगी सुनावाई

- जिला एवं सत्र न्यायालय, पंचकूला ने सी.जे.एम. कोर्ट को फिलहाल आदेश पारित करने से रोका।
- मामला अशोक खेमका, संजीव वर्मा और अधिवक्ता रविंद्र कुमार से जुड़ी एफ.आई.आर. संख्या 170 और 171 का।
- दोनों एफ.आई.आर. में पुलिस पहले ही कैंसिलेशन रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है।
- याचिकाकर्ता का दावा, पी.सी. एक्ट के मामलों की सुनवाई का अधिकार केवल स्पैशल जज को।

-मामले में अधिकार क्षेत्र के प्रश्न पर 4 जून को जिला अदालत में सुनवाई होगी।

# समरफेस्ट वर्कशाप में 90 बच्चों ने दिखाई भागीदारी



*लाइब्रेरी में आयोजित समरफेस्ट में बच्चे थिएटर कला का अभ्यास करते हुए।* (परमजीत)

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): सैक्टर-17 स्थित टी.एस. सैंट्रल स्टेट लाइब्रेरी ने समरफैस्ट के दूसरे दिन बच्चों के लिए पेंटेड मास्क थिएटर वर्कशॉप और बैलून एंड स्प्रे आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया। प्रसिद्ध थिएटर निर्देशक और नेक चंद पुरस्कार विजेता सुभासिस नियोगी के नेतृत्व में आयोजित थिएटर वर्कशॉप में प्रतिभागियों को संवादात्मक थिएटर अभ्यासों और रचनात्मक अभिव्यक्ति गतिविधियों में शामिल किया गया। कला और भाषा शिक्षिका स्वाति चावला द्वारा संचालित बैलून एंड स्प्रे आर्ट वर्कशॉप में बच्चों को गुब्बारों और स्प्रे पेंटिंग का उपयोग करके नवीन कला तकनीकों से परिचित कराया गया। तिविधियों में कुल 90 बच्चों ने भाग लिया। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. नीजा सिंह ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और आजीवन सीखने को बढ़ावा देने में पुस्तकालयों की भूमिका पर जोर दिया।

# बच्चों की रचनात्मकता को मिला मंच, शुरू हुई आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप

### क्रिएटिव चाइल्डहुड वर्कशॉप में बच्चे सीखेंगे कला के नए रंग



*आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप में भाग लेते बच्चे।* (परमजीत)

चंडीगढ़, 2 जून (पाल): चंडीगढ़ ललित कला अकादमी की ओर से 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली बच्चों के लिए 6 जून तक सप्ताहभर की क्रिएटिव चाइल्डहुड आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। यह वर्कशॉप सेक्टर-19 स्थित ली कॉर्बुजिए सैंटर के सी.एल.के.ए. ओपन हैंड आर्ट स्टूडियोज में चल रही है। वर्कशॉप का संचालन शहर के वरिष्ठ कलाकार और अकादमी के वाइस चेयरमैन रविंदर शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति की क्षमता को बढ़ावा देना है। अकादमी के अनुसार वर्कशॉप के दौरान बच्चों को विभिन्न कला और क्राफ्ट गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जिससे वे अपनी सोच और भावनाओं को रचनात्मक तरीके से व्यक्त कर सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि कला और क्राफ्ट केवल सुंदर वस्तुएं बनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि बच्चों में धैर्य, आत्मविश्वास, अनुशासन, संवेदनशीलता और अवलोकन क्षमता विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों और रचनात्मक प्रोजैक्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**शैक्षणिक सत्र 2026-27**

## आई.टी.आई. के इच्छुक छात्रों के लिए दाखिला पोर्टल शुरू

कालका 2 जून (रावत) : कालका एट बिटना स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के इच्छुक छात्रों के लिए दाखिला पोर्टल शुरू कर दिया है। इंजीनियरिंग व गैर इंजीनियरिंग ट्रेड्स में दाखिले के लिए 15 जून तक आवेदन किया जा सकता है। प्रधानाचार्य मनदीप बेनीवाल ने बताया कि दाखिले से संबंधित दिशा-निर्देश, संस्थानों की सूची तथा सीट मैट्रिक्स की पूरी जानकारी विभाग की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।

उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी, जिसके तहत अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी अपलोड करनी हागी।

**महिला आवेदकों के लिए दाखिला आवेदन निशुल्क :** उन्होंने बताया कि दाखिले के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, ई-मेल आईडी तथा सक्रिय मोबाइल नंबर अनिवार्य होंगे। अन्य बोर्ड से आने वाले विद्यार्थियों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट भी जमा करवाना होगा। दाखिले के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लिए जाएंगे, जिसके लिए आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 100 रुपए और आरक्षित वर्ग के लिए 50 रुपए रहेगा। महिला आवेदकों के लिए दाखिला आवेदन निशुल्क रहेगा।

# जे.ई.ई. एडवांस्ड के टॉपर छात्र सम्मानित



*आकाश एजुकेशन में सम्मानित होते हुए छात्र।* (परमजीत)

चंडीगढ़, 2 जून (आशीष): सैक्टर-34 स्थित आकाश एजुकेशन में जे.ई.ई. एडवांस्ड में क्वालीफाई करने वाले 35 छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों मे ईशान गोयल ने 272 अंकों के साथ ए.आई.आर. 113 हासिल की। सार्थक गौतम ने 210 अंकों के साथ ए.आई.आर. 992, आरव सिंह ए.आई.आर. 2448 और 179 अंक, भरत मलिक ए.आई.आर. 2512 और 178 अंक और अर्शप्रीत सिंह ने ए.आई.आर. 2533 और 178 अंक प्राप्त किए। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में अमितोज तुर्का ए.आई.आर. 3293, महित सिंगला ए.आई.आर. 4164, अजय प्रताप सिंह ए.आई.आर. 4500, अनमोल वर्मा ए.आई.आर. 4708 और समर सिंगला ए.आई.आर. 5243 शामिल हैं।

छात्रों के अनुसार तैयारी के दौरान निरंतर मार्गदर्शन, शैक्षणिक सहायता और मैंटरशिप प्राप्त हुई। छात्रों ने कहा कि अध्ययन सामग्री, कक्षा सत्र, मॉक टेस्ट और नियमित मूल्यांकन ने अपनी अवधारणाओं को मजबूत करने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के बिना उपलब्धि संभव नहीं थी। डिप्टी रीजनल डायरैक्टर जसदीप सिंह बाबरा ने कहा सफलता अटूट समर्पण, अनुशासित तैयारी और उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रबल इच्छा का परिणाम है।

## चंडीगढ़ प्रीमियर लीग से पहले संजय टंडन ने किया टी.डी.एल. स्टेडियम का निरीक्षण

# टूर्नामैंट का शैड्यूल जारी : 6 फ्रैंचाइजी टीमें होंगी आमने-सामने

चंडीगढ़, 2 जून (लल्लन): चंडीगढ़ प्रीमियर लीग (सी.पी.एल.) के चौथे संस्करण 8 जून से शुरू होना है, जिसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए यू.टी. क्रिकेट एसोसिएशन (यू.टी.सी.ए.) के फाऊंडर प्रैजीडैंट संजय टंडन ने पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। टंडन ने खेलने की जगह, प्रैक्टिस की सुविधाएं, दर्शकों के इंतज़ाम, ड्रेसिंग रूम, मीडिया इंफ्रास्ट्रक्चर और दूसरी लॉजिस्टिक चीज़ों का जायजा लिया, ताकि यह पक्का हो सके कि वेन्यू लीग होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इंतजामों पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि सभी स्टेकहोल्डर्स मिलकर काम कर रहे हैं ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों, दोनों को एक प्रोफैशनल और यादगार क्रिकेटिंग एक्सपीरियंस मिल सके। इस बीच चंडीगढ़ प्रीमियर लीग का आधिकारिक शैड्यूल भी जारी कर दिया गया है। टूर्नामैंट में छह फ्रैंचाइजी टीमें भाग लेंगी और कुल 30 लीग मुकाबले खेले जाएंगे। हर टीम लीग स्टेज में दस मैच खेलेगी, जिसके बाद टॉप चार टीमें नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिसमें दो सेमी-फ़ाइनल और 26 जून को ग्रैंड फाइनल होगा। टूर्नामैंट की तैयारियों के तहत 4 जून को एक भव्य टीम जर्सी अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी भाग लेने वाली टीमें अपनी आधिकारिक जर्सी का अनावरण करेंगी। इसके अलावा लीग शुरू होने से एक दिन पहले ट्रॉफी अनावरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जो टूर्नामेंट के आगाज से पहले उत्साह को और बढ़ाएगा।




*टी.डी.एल. स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए संजय टंडन व अन्य अधिकारी।* (राणा)

## क्रिकेटर अर्शदीप सिंह के पिता ने युवा खिलाड़ियों को दिया 'चैंपियन मंत्र'

चंडीगढ़, 2 जून (लल्लन): गुरु नानक पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी में आयोजित अंडर-13 प्रीमियर लीग के शुभारंभ अवसर पर भारत के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अर्शदीप सिंह के पिता दर्शन सिंह ने युवा क्रिकेटरों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि किसी भी खिलाड़ी के जीवन में अनुशासन, निरंतर प्रयास और लगातार मेहनत सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अपने क्रिकेट जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि वह भी गुरदासपुर से राज्य स्तर पर क्रिकेट खेलते थे। उस समय उनके साथ वरिष्ठ क्रिकेटर भूपिंदर सिंह सीनियर भी खेला करते थे। उन्होंने कहा कि कई मैचों में वह पहला ओवर डालते थे और उसके बाद गेंदबाजी भूपिंदर सिंह को मिलती थी।हालांकि, विभिन्न कारणों से वह आगे नहीं बढ़ पाए, जबकि भूपिंदर सिंह निरंतर मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के कारण भारतीय टीम तक पहुंचे। युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई खिलाड़ी यह ठान ले कि उसे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना है, तो उसे लगातार अनुशासन के साथ मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और केवल निरंतर प्रयास ही खिलाड़ियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इस अवसर पर गुरु नानक पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी में अंडर प्रीमियर लीग की शुरुआत भी की गई। जगतेश्वर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।





*अंडर-13 प्रीमियर लीग के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे अर्शदीप सिंह के पिता।* (परमजीत)

**अंडर-13 जूनियर प्रीमियर लीग**

## जी.एन.पी.एस. रेड ने सनराइज अकादमी को 15 रन से हराया

चंडीगढ़, 2 जून (लल्लन): जी.एन.पी.एस. रेड ने सनराइज क्रिकेट अकादमी को 15 रन से हराकर अंडर-13 जूनियर प्रीमियर लीग में जीत दर्ज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जी.एन.पी.एस. रेड ने निर्धारित 20 ओवरों में 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 17.3 ओवर में 86 रन पर सिमट गई। जी.एन.पी.एस. रेड की ओर से समीर ज्ञान ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 16 रन देकर 4 विकेट हासिल किए और विपक्षी टीम को दबाव में बनाए रखा। सनराइज क्रिकेट अकादमी के लिए ऋषित चौहान ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंदों पर 35 रन बनाए। वहीं प्रेम ने ऑलराऊंड प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जी.एन.पी.एस. रेड के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट हासिल किए।



*मैच के दौरान गेंदबाजी करते हुए। खिलाड़ी।* (परमजीत)

# दिव्यांगजनों के लिए सर पास तक समावेशी हिमालयी ट्रेकिंग अभियान, 43 सदस्य हैं शामिल

### चार रातें कैंपों में बिताने के बाद 7 जून को बेस कैंप लौटेगा दल




*हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध सर पास तक दिव्यांगजनों के लिए विशेष हिमालयी ट्रेकिंग अभियान में भाग लेने के बाद एक साथ।* (परमजीत)

चंडीगढ़, 2 जून (लल्लन): यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वाई.एच.ए.आई.) की चंडीगढ़ राज्य शाखा हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध सर पास तक दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष हिमालयी ट्रेकिंग अभियान का आयोजन कर रही है। अभियान का उद्देश्य साहसिक गतिविधियों में समावेशिता को बढ़ावा देना तथा दिव्यांगजनों को आउटडोर नेतृत्व, आत्मविश्वास निर्माण और प्रकृति आधारित अनुभवों के माध्यम से सशक्त बनाना है।

कुल्लू के सियोबाग (लेफ्ट बैंक) स्थित बेस कैंप में अनुकूलन (एक्लिमेटाइजेशन) की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार अभियान दल को वाई.एच.ए.आई चंडीगढ़ राज्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष एवं संयोजक राजेश जोगपाल ने औपचारिक रूप से रवाना किया।

इस अभियान में 18 दिव्यांग प्रतिभागी शामिल हैं। इनके साथ समर्पित स्वयंसेवक, अनुभवी ट्रेक लीडर और वाई.एच.ए.आई के पदाधिकारी भी मौजूद हैं। इस प्रकार पूरे ट्रेकिंग दल में कुल 43 सदस्य शामिल हैं। प्रतिभागियों में नितेश शर्मा, दिया नेगी, महिताब सिंह, सुनील कुमार, पार्थ वशिष्ठ, ऐशना, अंकुश, गितेश, पंकज, मनोज सिंह नेगी, ऋषव, चंद, फर्दीन, अतुल, सोनू, अरुण, राजिंदर और पूजा शामिल हैं।

ये सभी प्रतिभागी अपने दृढ़ संकल्प, साहस, धैर्य और समावेशी साहसिक गतिविधियों की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। यह दल चार रातें ऊंचाई वाले कैंपों में बिताने के बाद 7 जून को सियोबाग स्थित बेस कैंप में वापस लौटेगा।

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = 199 ₹99 |
| (Popular) | 6 Month = 599 ₹349 |
| (Best Value) | 1 Year = 999 ₹549 |

Special Offer

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = 149 ₹69 |
| (Popular) | 6 Month = 499 ₹269 |
| (Best Value) | 1 Year = 799 ₹399 |

Special Offer

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW